सत्यमेव जयते

# अष्टादश

# बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-3

बुधवार, तिथि $\frac{\text{06 फाल्गुन, 1947 (शo)}}{\text{25 फरवरी, 2026 (ईo)}}$

**प्रश्नों की कुल संख्या 288**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | 126 |
| (2) | पथ निर्माण विभाग | .. | .. | 60 |
| (3) | ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | 12 |
| (4) | जल संसाधन विभाग | .. | .. | 54 |
| (5) | लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | 16 |
| (6) | पंचायती राज विभाग | .. | .. | 13 |
| (7) | श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग | .. | .. | 01 |
| (8) | भवन निर्माण विभाग | .. | .. | 06 |
| | | | कुल योग -- | 288 |

मानदेय ससमय भुगतान करना

*2196. श्री मुरारी मोहन झा (क्षेत्र संख्या-86 केवटी)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्य यह बात सही है कि ग्राम पंचायत में स्वच्छता पर्यवेक्षक को क्रमशः 5000 से 7500 तक एवं स्वच्छता कर्मी को क्रमशः 1500 से 3000 तक मासिक मानदेय मिलता था लेकिन मानदेय ससमय नहीं मिलने के कारण प्रत्येक पंचायत में कार्य बंद पड़ा है, यदि हाँ, तो सरकार स्वच्छता पर्यवेक्षक/स्वच्छता कर्मी का मानदेय का ससमय भुगतान करने एवं कार्यों को नियमित संचालित कबतक रखने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--आंशिक स्वीकारात्मक। वस्तुस्थिति यह है कि ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत स्वच्छता कर्मी एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक का पारिश्रमिक केंद्रीय वित्त आयोग की अनुशंसा पर प्राप्त राशि के अंतर्गत स्वच्छता हेतु प्रावधानित टाईड निधि से भुगतान किया जाना प्रावधानित था। प्रावधानित राशि पर्याप्त नहीं होने के कारण राज्य सरकार द्वारा 5635 ग्राम पंचायतों में कार्यरत स्वच्छता कर्मियों/स्वच्छता पर्यवेक्षक को एक वर्ष तक पारिश्रमिक का भुगतान राज्य योजना मद से किये जाने का निर्णय लिया गया है।

साथ हीं, वर्तमान में ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार के संकल्प संख्या-4463980, दिनांक 12 अगस्त, 2025 के माध्यम से स्वच्छता पर्यवेक्षक को 9000 हजार एवं स्वच्छता कर्मी को 5000 हजार पारिश्रमिक के साथ-साथ स्वच्छता कर्मी को पारिश्रमिक के अतिरिक्त वार्ड स्तर पर घरों से (Household) संग्रहित मासिक उपयोगिता शुल्क की 50 % राशि प्रोत्साहन के रूप में दिये जाने का निर्णय लिया गया है। तद्नुसार स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मी को बढ़े हुए मानदेय का भुगतान करने की कार्रवाई की जा रही है।

राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट के उठाव का कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है।

---------

आवासीय भवन का निर्माण

*2197. श्री जिवेश कुमार (क्षेत्र संख्या-87 जाले)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि आवासीय सुविधा के अभाव में दरभंगा जिला अंतर्गत जाले प्रखंड एवं सिंहवाड़ा प्रखंड के पदाधिकारी एवं कर्मचारी दोनों प्रखंडों से लगभग 45 किलोमीटर दूर दरभंगा अथवा अन्य स्थानों पर निवास करने को विवश हैं, जिससे प्रशासनिक कार्यों के निष्पादन, जनसुनवाई एवं आपातकालीन सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार जनहित में प्रशासनिक सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जाले एवं सिंहवाड़ा प्रखंड मुख्यालय में पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आवासीय भवनों के निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--आंशिक स्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि ग्रामीण विकास विभाग के संकल्प ज्ञापांक 3556556 पटना, दिनांक 10 जनवरी, 2025 द्वारा प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन एवं प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय-सह-आवासीय परिसर के निर्माण की स्वीकृति दी गई है, जिसमें दरभंगा जिला अंतर्गत सिंहवाड़ा प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन भी सम्मिलित है। जाले प्रखंड में प्रखंड सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र का निर्माण कराया गया है।

विभागीय संकल्प ज्ञापांक 3556556 पटना, दिनांक 10 जनवरी, 2025 की कंडिका-2 में स्पष्ट किया गया है कि आगे के चरण में आवासीय परिसर का नवनिर्माण कराया जायेगा।

सड़क का निर्माण

*2198. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत पूर्व प्रखंड अंतर्गत मंझेली पुल से भोगा करियात हसन गंज कटिहार सीमा तक की सड़क जर्जर रहने के कारण आम ग्रामीणों को आवागमन हेतु काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पंचायत भवन का निर्माण

*2199. श्री प्रमोद कुमार (क्षेत्र संख्या-19 मोतिहारी)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा पूरे राज्य में मुख्यमंत्री पंचायत सरकार भवन एवं कन्या विवाह भवन का शिलान्यास एवं उद्घाटन संकल्प पत्रांक 24/प0 रा0 भ0-9-29/2024/6549, दिनांक 23 मई, 2025 द्वारा (सताईस अरब चौरासी करोड़ तिरानवे लाख सताईस हजार चार सौ बाईस रुपये की स्वीकृति दी गई है, परन्तु पूर्वी चम्पारण के मोतिहारी प्रखंड के झिटकहिया, राम सिंह छतौनी, उ0प0 ढेकहा, मधुबनी, बरदाहा सहित प्रखंड के रामगढ़वा, पंडितपुर, सलेमपुर, सुर्यपुर का भवन खण्डहर में तब्दील हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार इसके जिम्मेवार अधिकारी के विरुद्ध कबतक कार्रवाई करने एवं पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बाँध का निर्माण

*2200. श्री संजय कुमार पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-03 नरकटियागंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के नरकटियागंज नगर परिषद् क्षेत्र में बाढ़ के समय में हड़गोरा नदी एवं पंडई नदी का पानी आवासीय क्षेत्र में फैल जाती है, जिससे जान-माल की क्षति होती है, यदि हाँ, तो सरकार हड़गोरा नदी के पूर्वी तरफ एवं पंडई नदी के पश्चिमी भाग में बाढ़ के रोक-थाम हेतु कबतक बाँध निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का जीर्णोद्धार

*2201. श्री श्याम रजक (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला अंतर्गत प्रखंड पुनपुन के ग्राम पंचायत लखनपार से हरेचक सबलपुर, फहीमचक होते हुये सिसवाचक तक 4 कि0 मी0 पथ जर्जर स्थिति में है, जिसका विगत 13 वर्षों से जीर्णोद्धार नहीं हुआ है यह पथ जर्जर रहने से हमेशा दुर्घटना होती रहती है और लोगों को आने-जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आर0 ओ0 बी0 का निर्माण

*2202. श्री रुहेल रंजन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दनियावां जंक्शन के पास दनियावां-बिहटा लाइन के रेलवे क्रॉसिंग पर जाम की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक दनियावां जंक्शन के पास आर0 ओ0 बी0 (रेल ऊपरीगामी पथ) का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नगत रेल खंड नेउरा-दनियावां के दनियावां जंक्शन के निकट LC No. 02 पर ROB का निर्माण कार्य रेलवे द्वारा किया जाना प्रस्तावित है एवं रेलवे द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है एवं GAD अनुमोदन हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

--------

गोलम्बर का निर्माण

*2203. श्री भाई बिरेंद्र (क्षेत्र संख्या-187 मनेर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला अंतर्गत उदाकिशुनगंज-भटगामा एस0 एच0 58 मार्ग पर अव्यवस्थित यातायात तथा समुचित ट्रैफिक नियंत्रण नहीं रहने से भटगामा, डुमरैल चौक, पुरैनी बस स्टैंड . चौक, नया टोला चौक तथा पुरैनी-अंबेडकर चौक के समीप आये दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थानों पर ट्रैफिक गोलम्बर निर्माण अथवा अन्य ठोस सुरक्षा व्यवस्था (स्पीड ब्रेकर, संकेतक बोर्ड, स्ट्रीट लाइट आदि कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का जीर्णोद्धार

*2204. डॉ0 प्रकाश चंद्र (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के ओबरा प्रखण्ड अन्तर्गत फेसर पचरूखिया पथ से स्वाडिहो यादव टोला तक सड़क विगत 6 वर्ष से जीर्ण-शीर्ण स्थिति में पहुंच चुकी है, जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

'क'-*2205. श्री शम्भु नाथ यादव (क्षेत्र संख्या-199 ब्रहमपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिले के सेमरी प्रखण्ड के पंचायत राजपुर परसनवाह के ग्राम-तिलकराय के हाता नदी सुहाड़न में पुल नहीं होने से ग्रामीण जनता को आने-जाने में काफी कठिनाई होती है एवं दुर्घटना होते रहती है, नहीं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित स्थान पर कबतक पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*2206. श्री सियाराम सिंह (क्षेत्र संख्या-179 बाढ़)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के बाढ़ प्रखण्ड के शहरी पूर्वी पंचायत के गरीब कन्याओं के विवाह हेतु कन्या विवाह मण्डप भवन नहीं रहने के कारण आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह सम्पन्न कराने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार शहरी पूर्वी पंचायत के सादिकपुर ग्राम में कबतक कन्या विवाह मण्डप भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'क'-जल संसाधन विभाग के ज्ञापांक 803, दिनांक 10 फरवरी, 2026 द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग में स्थानान्तरित।

अतिक्रमण मुक्त कराना

*2207. श्री रामसेवक सिंह (क्षेत्र संख्या-104 हथुआ)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपलागंज जिला के हथुआ प्रखंड अंतर्गत नगर परिषद् मीरगंज के पिपरा चंवर से निकलने वाली खाड़ (पईन) जो कपरपुरा, हरखौली पश्चिम टोला, वंकिखाल हरखौली पुरब टोला होते हुए दध नदी में गिरती है तथा हथुआ प्रखंड अंतर्गत ही मनिछापर चंवर से निकलने वाली खाड़ जो पंडितपुरा तुरपट्टी, तुलसिया, नयागाँव, जयन्न, रेपुरा वरीरायमान मिर्जापुर होते हुए सिवान जिले में प्रवेश करती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों खाड़ (पईन) को अतिक्रमित कर लिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दर्जनों गाँवों की फसल क्षति को देखते हुए उक्त खाड़ को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए खाड़ की सफाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*2208. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत पिपरा प्रखंड के दुबियाही पंचायत के फसिया वार्ड नं0 6 अंतर्गत मनती कामत के घर से उतम लाल कामत के घर तक एवं शंकर चौक से परमेश्वर मंडल घर तक सड़क पक्की नहीं होने के कारण किसानों, छात्रों एवं आमजनों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों को पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जल का निकासी

*2209. श्री इन्द्रदेव सिंह (क्षेत्र संख्या-110 बड़हरिया)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला अंतर्गत पचरूखी प्रखंड के उखई चंवर से उखई पश्चिम पट्टी, उखई पूरब पट्टी, सिसवां, पिपरा, शंभोपुर, ओलीपुर, श्रीकान्त बंगरा, सुरवाला, नथनपुरा, सहलौर, इलामदीपुर इत्यादि गाँव में चौर (खेत) की कई वर्षों से जल निकासी नहीं हो पा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जल निकासी के लिए ग्रामीणों ने जल संसाधन विभाग (गंडक प्रमंडल, सिवान) से भी गुहार लगाई थी लेकिन अभी तक विभाग द्वारा पानी निकासी से संबंधित कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है जिससे ग्रामीणों की खेती कई वर्षों से बाधित हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थलों से जल का निकासी कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्थायी पुल का निर्माण

'ख'-*2210. श्री बाबुलाल शौर्य (क्षेत्र संख्या-151 परबत्ता)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के परबत्ता विधान सभा अंतर्गत कोशी नदी की उपधारा गोगरी प्रखंड में सालों भर पानी बहती है, जिस पर आवागमन हेतु वर्तमान में पीपा पुल है, जिससे मधेपुरा, भागलपुर एवं खगड़िया जिला के लोगों का आवागमन होता है, जिससे दुर्घटना की आंशका बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक कोशी नदी की उपधारा गोगरी प्रखंड में एक स्थायी पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट 'ख'-पथ निर्माण विभाग के ज्ञापांक 86, दिनांक 16 फरवरी, 2026 द्वारा ग्रामीण कार्य में स्था0।

सड़क का पक्कीकरण

*2211. श्री महेश पासवान (क्षेत्र संख्या-195 अगिआंव (अ0 जा0))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत अगिआंव प्रखंड में टेढ़ा ईनार से गड़हनी अगिआंव तक की सड़क खराब रहने के कारण बरसात में उक्त सड़क पर भारी जल-जमाव हो जाता है जिससे आमजन एवं राहगीरों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क से जल निकासी हेतु नाला निर्माण करने के साथ ही सड़क के पुनर्निर्माण/पक्कीकरण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मजदूरी बढ़वाना

*2212. श्री कलाधर प्रसाद मंडल (क्षेत्र संख्या-60 रुपौली)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मौसमी कर्मचारी का न्यूनतम मजदूरी 425 रु0 प्रतिदिन एवं साल में मात्र 200 दिन हीं कार्य करवाते हैं, जिससे मौसमी कर्मचारियों को न्यूनतम मजदूरी एवं साल भर कार्य नहीं देने से अपने परिवार के लालन-पालन करने में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मौसमी कर्मचारी का मजदूरी बढ़ाने एवं सालों भर कार्य देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि लघु जल संसाधन विभाग में सम्प्रति कोई मौसमी मजदूर कार्यरत नहीं है। मौसमी मजदूर के मजदूरी का निर्धारण लघु जल संसाधन विभाग से संबंधित नहीं है। श्रमिकों की कुशलता के आधार पर मजदूरी का निर्धारण श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग द्वारा किया जाता है।

--------

ओवरब्रिज का निर्माण

*2213. श्री रोहित पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत भागलपुर में गुमटी नं0 12 एवं ततारपुर रेलवे क्रॉसिंग पर भीषण जाम की स्थिति बनी रहती है जिसके कारण राहगीरों को आवागमन में परेशानी होती है एवं आपातकालीन स्थिति में मरीजों को अपनी जान तक गवानी पड़ती है, यदि हाँ, तो सरकार भागलपुर के गुमटी नं0 12 एवं ततारपुर रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज/फ्लाई ओवर का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क किनारे नाला का निर्माण

*2214. श्रीमती अनीता (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत प्रखंड काशीचक में सरकटी सुभानपुर पथ में ग्राम-सकरगंज, बौरी बोझमा एवं भटा में सड़क किनारे नाला नहीं रहने के कारण सड़क पर हमेशा जल-जमाव रहती है, जिसके कारण वाहनों का आवागमन में एवं पैदल यात्रियों को आने-जाने में काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार सरकटी-सुभानपुर सड़क में ग्राम-सकरगंज, बौरी बोझमा एवं भटा में सड़क किनारे नाला का निर्माण कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि नवादा जिलान्तर्गत प्रश्नगत स्थल सरकटी मोड़-सुभानपुर पथ की कुल लम्बाई 10.00 कि0मी0 है, जो सिंगल लेन पथ है। यह पथ वर्तमान में OPRMC-II, Package, No.-49B अंतर्गत संधारित है एवं पथ की स्थिति अच्छी है। पथ के दूसरे कि0मी0 में बोझमा तीसरे कि0मी0 में बौरी, पाँचवें कि0मी0 में सकरगंज ग्राम एवं आठवें कि0मी0 में भट्टा ग्राम अवस्थित है। बौरी ग्राम में 200 मीटर एवं भट्टा ग्राम 200 मीटर में नाला निर्माण का प्रावधान OPRMC Phase-III में किया गया है। पथांश में नाला निर्माण का कार्य करा लिया जायेगा।

अतिक्रमण मुक्त करवाना

*2215. श्री अवधेश सिंह (क्षेत्र संख्या-123 हाजीपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के हाजीपुर से लालगंज तिरहुत बांध जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है जिसके कारण हाजीपुर शहर में गंडक का पानी प्रवेश कर जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के हाजीपुर के चाँदी एवं हरौली से निकलने वाली मलमला चैनल जो बिलट चौक तक जाती है जिससे कई प्रखंडों का पटवन एवं जल निकासी होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वैशाली जिला के हाजीपुर सें लालगंज तिरहुत बांध एवं चाँदी तथा हरौली से निकलने वाली नहर को अतिक्रमण मुक्त करवाते हुए जीर्णोद्धार करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सरकारी राजकीय नलकूप बनवाना

*2216. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभूतिपुर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत किसी भी पंचायत में सरकारी राजकीय नलकूप नहीं है, जिसके कारण किसानों को खेतों की सिंचाई करने में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विधान सभा क्षेत्र के प्रत्येक पंचायतों में कबतक सरकारी राजकीय नलकूप उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत विभूतिपुर प्रखंड में 1 अद्द राजकीय नलकूप नहरन टोले पंचायत बोरिया में है जो बंद है इसे चालू कराने हेतु ग्राम पंचायत को राशि उपलब्ध करा दिया गया है।

दलसिंहसराय प्रखंड अंतर्गत कुल 14 नलकूलप है जिसमें से 13 नलकूप चालू तथा 1 नलकूल बंद है, बिहार सरकार के संकल्प संख्या 992, दिनांक 4 फरवरी, 2019 में आलोक में राजकीय नलकूपों के रख-रखाव व संचालन हेतु ग्राम पंचायतों को हस्तगत किया गया है एवं राशि चरणबद्ध तरीके से पंचायतों को उपलब्ध करायी जा रही है। इन बंद नलकूपों को चालू कराने की कार्रवाई की जा रही है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री निजी नलकूप योजना अंतर्गत विभूतिपुर प्रखंड में 19 किसानों को अनुदान आधारित निजी नलकूप का लाभ दिया गया है जिससे किसानों द्वारा पटवन का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में विभाग में नये राजकीय नलकूप लगाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

--------

पुल का निर्माण

*2217. श्री राम सिंह (क्षेत्र संख्या-04 बगहा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा विधान सभा के ग्राम-भातौढा से ग्राम-इंगलिशिया तक तिरहुत मुख्य नहर पर निर्मित R.D.-141.00 से R.D.-215.00 तक कुल दस पुलों की संख्या है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इन पुलों की चौड़ाई कम होने तथा साइड वॉल नहीं होने के कारण हर समय पुलों से आवागमन के समय खतरा बना रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुलों के चौड़ीकरण का कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रखंड का दर्जा दिलाना

*2218. श्रीमती सावित्री देवी (क्षेत्र संख्या-243 चकाई)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत प्रखंड चकाई के माधोपुर एवं सोनो प्रखंड के अधारा की आबादी करीब 5000 से अधिक है, यदि हाँ, तो सरकार माधोपुर एवं अधारा को कबतक प्रखंड का दर्जा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कटाव निरोधी कार्य कराना

*2219. श्री कुमार प्रणय (क्षेत्र संख्या-165 मुंगेर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला अन्तर्गत सदर प्रखंड के कुतलुपुर पंचायत में गंगा तट पर बसा हरीबाबु टोला से रामसिंह टोला तक का इलाका घनी आबादी क्षेत्र है, जिसका तटीय विस्तार लगभग 4-5 कि०मी० तक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वर्णित इलाके में बसे लोग गंगा नदी के कटाव के कारण हर वर्ष विस्थापित होने को विवश हैं, साथ ही इनके जान-माल के नुकसान की खतरनाक स्थिति भी बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित तटीय इलाके पर कटाव निरोधी कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*2220. श्री मिथिलेश तिवारी (क्षेत्र संख्या-99 बैकुण्ठपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के बरौली प्रखंड के सदौवा हाई स्कूल NH-27 से सरफरा-सरेयाँ पथ को जोड़ने वाली सड़क और बैकुण्ठपुर प्रखंड के खैरा आजम पैक्स गोदाम से स्वतंत्रता सेनानी पूर्व विधायक स्व० शिवबच्चन त्रिवेदी के घर से होते हुए रोपड़ा टोला श्री जयनारायण सिंह के घर को जोड़ने वाली प्रमुख सड़क जर्जर होने के कारण लगभग 50 हजार की आबादी को आवागमन में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*2221. श्री संतोष कुमार निराला (क्षेत्र संख्या-202 राजपुर (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत प्रखंड राजपुर के खरहना पंचायत के ग्राम-दायालपुर में नहर से खरहना होते हुए ककरिया नहर पुल तक सड़क जीर्ण-शीर्ण अवस्था में होने के कारण आमजनों को पैदल चलना व वाहन आदि के परिचालनों में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नाला निर्माण कराना

*2222. श्री राधाचरण साह (क्षेत्र संख्या-192 संदेश)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के शाहाबाद पथ प्रमंडल आरा अंतर्गत अखगाँव बाजार पर सड़क किनारे नाला नहीं रहने के चलते हमेशा जल-जमाव की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रश्नगत स्थल, अखगाँव बाजार सक्कडी-चाँदी-सहार पथ (SH-81) के 13वें कि०मी० में अवस्थित है। अखगाँव बाजार (SH-81) पथ का Left out portion है। इस पथांश में नाला निर्माण का प्रावधान OPRMC Phase-III में किया गया है। नाला निर्माण के पश्चात् जल-जमाव की समस्या से निदान मिल जायेगा।

-------------

पानी का कनेक्शन देना

*2223. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत बथनाहा पंचायत के प्रद्युमन छपरा में संग्रामपुर के भवानीपुर पंचायत में पकड़ी सहित 6 स्वास्थ्य उप-केंद्र तथा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निर्मित होकर हैंड ओवर हो चुके हैं परंतु अभीतक उसमें पानी का कनेक्शन नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य उप-केंद्रों एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पानी का कनेक्शन देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सिंचाई सुविधा दिलाना

*2224. श्री सुजीत कुमार (क्षेत्र संख्या-37 राजनगर (अ०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत राजनगर प्रखंड के कोसी नहर परियोजना के अंतर्गत कोसी मैन नहर में प्रतिवर्ष पानी उपलब्ध रहने के बावजूद सिमरी डीह टोला, जानकी नगर महावीर मंदिर के समीप स्थित क्षेत्र में जलस्तर साईफन से नीचे रहने के कारण सिमरी, भरिया विशनपुर, सोनवारी, नवटोली, अजरकवे सिमरी आदि टोलों तक नहर का पानी नहीं पहुँच पा रहा है, जिस कारण लगभग एक हजार एकड़ भूमि में सिंचाई की समस्या हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थल पर सड़क एवं पुलिया के अभाव के कारण स्थानीय ग्रामीणों एवं किसानों को आवागमन में कठिनाइयाँ हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर सड़क एवं पुलिया निर्माण, नहर के जलप्रवाह को सुचारू करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*2225. श्री उपेन्द्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-225 गुरुआ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के गुरारू प्रखंड अंतर्गत ग्राम-मंगरामा मुख्य सड़क से ग्राम-बलिया तक कच्ची सड़क होने के कारण ग्रामीणों को बरसात के दिनों में बाहर निकलने का रास्ता बंद हो जाता है, जिससे आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पोखर का जीर्णोद्धार

*2226. श्री उदय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के डोभी अंतर्गत पंचायत नावाडीह में करमौनी पोखर का जीर्णोद्धार नहीं होने के कारण किसानों को सिंचाई में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक किसानों के हित में उक्त पोखर का जीर्णोद्धार करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--आँशिक स्वीकारात्मक। प्रश्नाधीन योजना का तकनीकी अनुमोदन प्राप्त है। प्रशासनिक स्वीकृति के पश्चात् विहित प्रक्रिया के तहत निधि उपलब्धता के आधार पर कार्य कराया जाएगा।

-------------

सड़क का निर्माण

'ग'-*2227. श्रीमती देवंती यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नरपतगंज विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रखंड नरपतगंज के शहाबुद्दीन चौक से कम्पनी सड़क शिव मँदिर होते हुए दरगाहीगंज सीमा तक 65 किलो मीटर निर्माणाधीन सड़क की कार्य प्रारंभ की तिथि 02 सितम्बर, 2023 तथा कार्य समाप्ति की तिथि 01 सितम्बर, 2024 थी, जिसका निर्माण कार्य अबतक पूर्ण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कटाव निरोधक कार्य

*2228. मुहम्मद मुर्शिद आलम (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखंड के भगवानपुर ग्राम पंचायत के सतबीता ग्राम के निकट बकरा नदी तथा केसरा ग्राम पंचायत के थाकी ग्राम के निकट के कनकई नदी द्वारा कटाव किया जा रहा है, जिसमें उक्त दोनों ग्रामों के सैकड़ों परिवार के घर नदी में विलीन हो गए हैं जिसके कारण उक्त ग्रामों के नदी से निकटवर्ती आबादी को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों स्थलों पर नदी के कटाव से बचाने हेतु कटाव निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नाला का निर्माण

*2229. श्री अनिल कुमार (क्षेत्र संख्या-24 बथनाहा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बथनाहा विधान सभा अन्तर्गत मेजरगंज प्रखंड के साथ रीगा से मेजरगंज होते हुए सोनबरसा जाने वाली पी०डब्लू०डी० पथ में कुंआरी मदन पंचायत के राधेकृष्ण मँदिर से पकरी टोला तक सड़क के दोनों तरफ नाला के अभाव में सड़कों पर नाले का पानी जमा होने से आवागमन एवं उससे उत्पन्न कीचड़ से दुर्घटना की गंभीर आशंका बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क के दोनों तरफ नाले का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट— 'ग'- पथ निर्माण विभाग के ज्ञापांक 893, दिनांक 3 फरवरी, 2026 द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग में स्थानान्तरित ।

पुल का निर्माण

*2230. श्री कुमार सर्वजीत (क्षेत्र संख्या-229 बोधगया (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के प्रखंड-फतेहपुर, ग्राम पंचायत-चरोखरी के ग्राम-बोदर-दुब्बा के बीच पैमार नदी पर ग्राम पंचायत-जयपुर के ग्राम-केशोडीह-देवठीका के बीच ढाढर नदी पर पुल नहीं होने से आमजन को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार बोदर-दुब्बा के बीच पैमार नदी पर एवं केशोडीह-देवठीका के बीच ढाढर नदी पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--प्रश्न में वर्णित दो पुलों के संबंध में वस्तुस्थिति निम्नवत् है:--

1. ग्राम बोदर-दुब्बा के बीच पैमार नदी पर पुल संदर्भित पुल स्थल PMGSY अंतर्गत निर्मित पथ L059 Tetariya Road to Ganipipra (VR59) के चैनेज 1.00 कि०मी० पर है। मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना अंतर्गत उक्त पुल के निर्माण का प्रस्ताव जिलास्तरीय संचालन समिति के प्राथमिकता सूची में शामिल नहीं रहने के कारण विचारधीन नहीं है।

2. केशोडीह देवठीका के बीच ढाढर नदी पर पुल संदर्भित ग्राम केशोडीह को PMGSY अंतर्गत निर्मित पथ L152-Dummarichati-Dundu Road to Keshodih से एकल सम्पर्कता प्रदत्त है एवं देवठीका बसावट को एकल संपर्कता प्रदान करने हेतु MMGSY अंतर्गत भवरीखुर्द पथ से कुरूमडीह पथ के नाम से पथ का निर्माण कार्य प्रगति पर है। सदंर्भित स्थल के अपस्ट्रीम में 2.00 कि०मी० एवं डाउन स्ट्रीम में 6.00 कि०मी० की दूरी पर पूर्व से पुल निर्मित है।

प्रश्नाधीन पुल स्थल विभाग के कोर-नेटवर्क के आरेखन पर नहीं है एवं यह दोहरी संपर्कता का मामला है। अतः इस पुल का निर्माण की योजना नहीं है।

-------------

पथ का निर्माण

*2231. प्रो० नागेन्द्र राउत (क्षेत्र संख्या-26 सुरसंड)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के चोरौत प्रखंड के एन०एच० 227 से पी०डब्लयू०डी० रोड दुर्गा चौक, चोरौत तक की करीब 600 मीटर रोड जो एन०एच० के निर्माण कार्य के उपरान्त बचा हुआ शेष पथांश है, जिसकी चौड़ाई 7 मीटर नहीं होने के कारण आवागमन में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का अधिग्रहण पथ निर्माण विभाग में कराते हुए पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है; नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि सीतामढ़ी जिलांतर्गत प्रश्नगत पथ, एन०एच० 227 का Left Out पथांश है, जिसकी लम्बाई 600 मी० एवं चौड़ाई 3.05 मी० है। यह पथ OPRMC phase-III package No. 06A अन्तर्गत शामिल है एवं पथ की स्थिति अच्छी है।

तकनीकी संभाव्यता, संसाधन की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के अनुरूप पथ के चौड़ीकरण पर अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी।

उड़ाही-सह-चेकडैम का निर्माण

'घ'-*2232. श्री राणा रणधीर (क्षेत्र संख्या-18 मधुबन)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत पकड़ीदयाल से मधुबन प्रखंड तक बहने वाली कछुआ नाला में गाद जम गया है तथा नदी में जगह-जगह पर सिंचाई पुलिया-सह-चेकडैम नहीं होने से जल-निकासी तथा खेतों के सिंचाई का का कार्य नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नाले की उड़ाही तथा पुलिया-सह-चेकडैम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

'च'-*2233. श्री नंद किशोर राम (क्षेत्र संख्या-02 रामनगर (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण जिलान्तर्गत गौनाहा प्रखंड के ग्राम पंचायत राज मठ मंझरिया के अमोलवा ग्राम में पंडई नदी पर पुल नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार पंडई नदी पर एक आधुनिक पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क एवं पुलिया का निर्माण

*2234. श्री राकेश रंजन (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिले में शाहपुर प्रखंड के तियर पंचायत में बिहिया-तियर मुख्य मार्ग से मनियारा आहर होते हुए काली मंदिर से महादलित टोला तक जाने वाली सड़क कच्ची अवस्था में है तथा आहर पर पुलिया नहीं रहने के कारण वर्षा ऋतु में संपर्क पूरी तरह बाधित हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मार्ग को स्वीकृत कर सड़क एवं पुलिया का निर्माण कार्य कबतक प्रारंभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यो ?

-------------

सड़क का निर्माण

*2235. श्री सतीश कुमार साह (क्षेत्र संख्या-40 लौकहा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लौकही प्रखंड के ग्राम-बनगामा बाजार समिति से भाया अन्डर पास होते हुए लोहा पुल अरौली सीमा (निर्मली) तक लगभग 4 कि०मी० कच्ची सड़क है, जिससे आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने की विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*2236. श्री वीरेन्द्र सिंह (क्षेत्र संख्या-324 वजीरगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिलान्तर्गत पथ प्रमण्डल 01, गयाजी द्वारा आर०सी०पी०एल०डब्लयू०ई०ए० योजनान्तर्गत पैकेज सं०-बी०आर०12 आरसी-307 के तहत अतरी जेठियन सड़क के द्वितीय कि०मी० से सरेन तक 14.5 कि०मी० सड़क का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाना था परन्तु कार्य समाप्ति की निर्धारित समय-सीमा समाप्त होने के उपरान्त भी उक्त सड़क कार्य अबतक अधुरा एवं गुणवत्ता विहीन है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट— 'घ'-जल संसाधन विभाग के ज्ञापांक 606, दिनांक 06 फरवरी, 2026 द्वारा लघु जल संसाधन विभाग में स्था० ।

नोट— 'च'-पथ निर्माण विभाग के ज्ञापांक 1414, दिनांक 16 फरवरी, 2026 द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग में स्था० ।

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि गयाजी जिलान्तर्गत प्रश्नगत पथ, RCPLWEA योजनान्तर्गत Package No-BR12RC-307 के तहत अतरी-जेठियन पथ के दूसरे कि०मी० से सरेन तक का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। पथ की कुल लम्बाई 14.50 कि०मी० एवं चौड़ाई 5.50 मी० है।

पथ निर्माण कार्य के दौरान कार्यालय स्तर से अनुरक्षण किया जा रहा है, साथ ही नियमत: SQM/NQM द्वारा पथ के निर्माण कार्य की गुणवत्ता की भी जाँच की जाती है, जो संतोषप्रद है।

पथ निर्माण कार्य पूर्ण करने में हुई विलम्बता के लिए संवेदक को Debar किया जा चुका है।

हाल के दिनों में संवेदक के भुगतान में तकनीकी समस्या रहने के कारण भी कार्य की प्रगति प्रभावित हुई है। वर्तमान में तकनीकी समस्या का समाधान करा लिया गया है, शेष कार्य को दिनांक 15 मार्च, 2026 तक पूर्ण कर दिया जायेगा।

-------------

पुल का निर्माण

*2237. श्री केदार नाथ सिंह (क्षेत्र संख्या-115 बनियापुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड के तरौना भोजपुर पंचायत अन्तर्गत वार्ड नं०-16 काचमोह में बकरा नदी पर पुल नहीं रहने के कारण अररिया प्रखंड से सिकटी प्रखंड के आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित स्थान में पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पुल स्थल मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजनान्तर्गत जिला संचालन समिति से प्राप्त प्राथमिकता सूची के क्रमांक-325 पर अंकित है। निधि की उपलब्धता, प्राथमिकता एवं Technical feasibility के अधार पर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

-------------

सड़क का निर्माण

*2238. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बेगूसराय प्रखंड के मोहनपुर पंचायत स्थित पहाड़पुर मिडिल स्कूल से मोहनपुर ठाकुरबाड़ी तक बांध का 3 कि०मी० सड़क जर्जर अवस्था में है, जिसके जर्जर रहने के कारण बरसात के दिनों में पूरी तरह कीचड़मय और आवागमन के लायक नहीं रहती है, जिससे स्कूली बच्चों, मरीजों और हजारों ग्रामीणों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का निर्माण

*2239. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला अन्तर्गत पताही प्रखंड के भंडार भकुरहिया pwd पथ से वृत्ता टोला से नूनफरवा पासवान टोला तक 2.5 किलोमीटर सड़क वर्ष 2017 में आई बाढ़ से कारण पूर्णत: जर्जर हो चुका हैं, जिससे आवागमन में भारी परेशानी होती हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित पथ का निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का चौड़ीकरण

*2240. श्री विनय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत दिघवारा प्रखंड के NH-19 पट्टीपुल से मलखाचक एवं मलखाचक से कुरैया गाँव तक जाने वाली 07 किलोमीटर मुख्य सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण राहगीरों का आवागमन में परेशानी बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*2241. श्रीमती श्वेता गुप्ता (क्षेत्र संख्या-22 शिवहर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिला के NH-227 रजिस्ट्री ऑफिस शिवहर से प्रखंड कार्यालय सुगिया, कटसरी, परदेसिया होते हुये चंपारण सीमा तक जानेवाली लगभग 9 कि०मी० सड़क जो जिले को दूसरे जिले से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है, वर्तमान में अत्यंत जर्जर एवं दयनीय स्थिति में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित सड़क को पथ निर्माण विभाग में हस्तांतरित कर सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*2242. श्री बिनय कुमार चौधरी (क्षेत्र संख्या-80 बेनीपुर)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहेड़ी प्रखंड के बघौनी पंचायत में पंचायत सरकार भवन की स्वीकृति मिली थी, परन्तु अभीतक भवन का निर्माण प्रारंभ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*2243. श्री सुरेन्द्र राम (क्षेत्र संख्या-119 गरखा (अ०जा०))--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि एन०एच० 19 सड़क मार्ग पर फोरलेन निर्माण के क्रम में सारण जिलान्तर्गत दिघवारा प्रखंड के रामपुर आमी मौजा के खाता सं० 387, 379, खेसरा सं० 710/2012 एवं खाता सं० 170, खेसरा सं० 695 अधिग्रहित भूमि का मुआवजा राशि को जिला भू-अर्जन कार्यालय, सारण के पत्रांक 673, दिनांक 05 मार्च, 2020 द्वारा विधि विभाग, सारण में जमा किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मुआवजा भुगतान हेतु भू-अर्जन कार्यालय, सारण के पत्रांक 1487/भू०अ०, दिनांक 17 जून, 2020 द्वारा विधि विभाग से राशि वापस करने का अनुरोध किये जाने के पश्चात् भी राशि वापस नहीं किये जाने से मुआवजा भुगतान लंबित है, जबकि विधि विभाग द्वारा उक्त राशि वापसी के संबंध में विगत दो वर्ष पूर्व मुख्यालय से भी परामर्श प्राप्त कर लिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक जाँच काराकर दोषी पदा० पर कार्रवाई करते हुये भू-स्वामी को मुआवजा भुगतान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रशासनिक स्वीकृति देना

*2244. श्रीमती कोमल सिंह (क्षेत्र संख्या-88 गायघाट)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के गायघाट विधान सभा क्षेत्र के गायघाट प्रखण्ड के शिवदाहा पंचायत में महेशवाड़ा नदी पर पुल का निर्माण कार्य के क्रम में भीषण बाढ़ में अर्द्धनिर्मित पुल पूर्णरूपेण से क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों को तथा शिवदाहा पंचायत के विद्यालयों में अध्ययन करने वाले छात्र/छात्राओं को आवागमन में काफी कठिनाई के साथ अधिक दूरी तय करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायत में अवस्थित महेशवाड़ा नदी पर कबतक पुल निर्माण कार्य पुन: प्रारंभ कराने की प्रशासनिक स्वीकृति देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*2245. डॉ० सुनील कुमार (क्षेत्र संख्या-172 बिहारशरीफ)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला में पंचाने नदी की गाद की सफाई नहीं होने से बरसात के दिनों में बिहारशरीफ शहर के साथ-साथ पूरे रहुई प्रखण्ड बाढ़ के पानी से डूब जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि देवी सराय से बोरबन्ना तक पंचाने नदी की उड़ाही पचास साल से नहीं हुयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित नदी से गाद हटाने तथा रिवर फ्रंट बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*2246. श्री रामेश्वर कुमार महतो (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखण्ड बाजपट्टी के पंचायत मधुरापुर ग्राम-मण्डल टोल एवं पंचायत बाजपट्टी ग्राम-बखरी के बीच अधवारा नदी पर पुल नहीं रहने से दोनों पंचायत के दर्जनों गांव को आवगमन में काफी दिक्कत होती है, यदि हाँ, तो सरकार सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखण्ड बाजपट्टी के पंचायत मधुरापुर ग्राम मण्डल टोल एवं पंचायत बाजपट्टी ग्राम-बखरी के बीच अधवारा नदी पर पुल का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

'छ'-*2247. श्री बैद्यनाथ प्रसाद (क्षेत्र संख्या-23 रीगा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत सुप्पी अंचल के जमला परसा ग्राम में बागमती नदी का बायां तटबंध निर्मित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि माह जनवरी, 2026 में तटबंध निर्माण एजेंसी गाबर कंस्ट्रक्शन प्रा०लि० के द्वारा अबैध तरीके से पूर्व से निर्मित निर्माण तटबंध से करीब 7000 (सात हजार) घनमीटर मिट्टी निकाल कर अन्यत्र बेच दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूर्व से निर्मित तटबंध से मिट्टी निकालने वाले दोषी ठेकेदार एवं इस कृत में संलिप्त अभियंताओं के विरुद्ध विधिसम्मत् कारवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*2248. श्री सुधांशु शेखर (क्षेत्र संख्या-31 हरलाखी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत हरलाखी प्रखण्ड में उमगांव चौक से भाया हिसार चौक बेनीपट्टी सड़क में त्योंथ पंचायत (खनुआ टोला) के समीप स्थित पुल क्षतिग्रस्त हो चुका है, जिससे कभी भी गंभीर दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित पुल को कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट— 'छ'-लघु जल संसाधन विभाग के ज्ञापांक 1161, दिनांक 17 फरवरी, 2026 द्वारा जल संसाधन विभाग को स्था० ।

तटबंध का सुदृढ़ीकरण

*2249. मो० सरवर आलम (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखण्ड के ग्राम पंचायत डेरामारी एवं पाटकोई कला के सीमा पर स्थित कहमिटा के समीप लगभग एक किलोमीटर तक महानंदा नदी से तेजी से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान को चिन्हित करते हुये तटबंध का निर्माण एवं बोल्डर पिचिंग कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*2250. श्री अरूण कुमार (क्षेत्र संख्या-180 बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत खुसरूपुर प्रखंड के चौनपुर के समीप धोबा नदी एवं मधमालपुर के समीप पुल नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

आधार केन्द्र खोलना

'ज'-*2251. मो० कमरूल होदा (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला का प्रखंड पोठिया अन्तर्गत कुल 22 पंचायत है तथा इसकी वर्तमान जनसंख्या लगभग 3,26,500 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूरे पोठिया प्रखंड के लिये केवल एक आधार केन्द्र संचालित है, जिस कारण प्रखंड वासियों को आधार में नाम जोड़वाने, नाम सुधारने जैसे इत्यादि कार्य के लिये आधार केन्द्र काउंटर पर रोजना 300 से 400 आवेदकों की लंबी लाइन लगी रहती है, जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पोठिया प्रखंड के दो महत्वपूर्ण स्थल यथा छत्तरगाछ एवं दामलबाड़ी बाजार में आधार केन्द्र खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*2252. श्री मिथुन कुमार (क्षेत्र संख्या-158 नाथनगर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नाथनगर विधान सभा के नाथनगर प्रखंड के पंचायत रत्तीपुर बैरिया में टुनटुन मंडल के घर से लालूचक बर्निंग घाट तक लगभग 02 किलो मीटर सड़क कच्ची होने के कारण राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नहर का पक्कीकरण

*2253. श्री सुभाष सिंह (क्षेत्र संख्या-101 गोपालगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत नहर प्रमंडल, सिवान के पिठौरी-सिवान नहर के चौराव माइनर से निकलनेवाली हरदिया जलवाहा नहर वितरणी का जीर्णोद्धार एवं पक्ककीरण लंबित है जिस कारण इस नहर से किसानों को सिंचाई हेतु जलापूर्ति नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नहर का कबतक जीर्णोद्धार एवं पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नोट— 'ज'-ग्रामीण विकास विभाग के ज्ञापांक 5165326, दिनांक 06 फरवरी, 2026 द्वारा पंचायती राज विभाग को स्था० ।

एप्रोच पथ का निर्माण

*2254. श्री नागेन्द्र चन्द्रवंशी (क्षेत्र संख्या-211 नोखा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत 211, नोखा विधान सभा के प्रखण्ड नासरीगंज में आरा लाइन कैनाल पर परूड़ी के पास लगभग पिछले चार वर्षों से पुल बनकर तैयार है, लेकिन एप्रोच पथ नहीं होने के कारण आवागमन बाधित है साथ ही आमलोगों को प्रखण्ड मुख्यालय नासरीगंज जाने मे काफी दूरी तय करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल के पास एप्रोच पथ निर्माण कबतक करवाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

प्रखंड भवन का निर्माण

*2255. श्रीमती बेबी कुमारी (क्षेत्र संख्या-91 बोचहां (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत बोचहां प्रखंड कार्यालय का भवन जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार बोचहां प्रखंड कार्यालय भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--स्वीकारात्मक है। विभागीय संकल्प ज्ञापांक 3556556, दिनांक 10 जनवरी, 2025 द्वारा बोचहां प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। तदोपरांत भवन निर्माण विभाग द्वारा स्थल ले-आउट प्लान तैयार कर प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन के निर्माण हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

-------------

मानदेय में वृद्धि

*2256. श्रीमती निशा सिंह (क्षेत्र संख्या-66 प्राणपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में मनरेगा के तहत निबंधित कंप्यूटर ऑपरेटरों को सिर्फ 11340 रुपए प्रतिमाह मानदेय मिलता है जो राज्य के न्यूनतम मजदूरी दर से भी कम है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इतने कम मानदेय होने, ईपीएफ कटौती नहीं होने, मेडिकल सुविधा नहीं मिलने के कारण कंप्यूटर ऑपरेटरों का परिवार आर्थिक एवं मानसिक समस्या से जूझ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कंप्यूटर ऑपरेटरों के मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का पक्कीकरण

*2257. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ०ज०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अंतर्गत बौलिया पंचायत के बौलिया मदरसा से बौलिया इमामबाड़ा तक की पक्की सड़क जर्जर है जिसके कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का चौड़ीकरण

*2258. श्री राजेश कुमार मंडल (क्षेत्र संख्या-82 दरभंगा ग्रामीण)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के सदर प्रखण्ड में गौसाघाट से कबरिया होते हुए धोई घाट तक की सड़क की वर्तमान स्थिति बहुत खराब होने के कारण जनसमुदाय को आवागमन में बहुत कठिनाइयाँ होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण करने के साथ-साथ चौड़ीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*2259. आसिफ अहमद (क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंडान्तर्गत रथौस पंचायत के वार्ड नं० 5 एवं 6 में लोहर और शिबौल के बीच कमला नदी के दोनों ओर सड़क निर्मित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बरसात को छोड़कर शेष दिनों में स्थानीय ग्रामीण बांस चचरी पुल के सहारे आते-जाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लोहर और शिबौल के बीच पक्का पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

आर०सी०सी० पुल का निर्माण

*2260. श्री त्रिविक्रम नारायण सिंह (क्षेत्र संख्या-223 औरंगाबाद)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत औरंगाबाद से फेसर स्टेशन, पौथू थाना-पचरूखिया मोड़, हसनपुर होते हुए पटना को जोड़ने वाली सड़क के बीच औरंगाबाद सदर प्रखंड के इब्राहिमपुर में उनथू लख नहर पर संकीर्ण जर्जर पुल तीखे मोड़ पर स्थित है, जिससे आये दिन दुर्घटना होते रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उनथु लख नहर पर उच्चस्तरीय आर०सी०सी० पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

गोलम्बर का निर्माण

*2261. श्री साम्रीद वर्मा (क्षेत्र संख्या-09 सिकटा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिला के सिकटा प्रखण्ड के बलथर पंचायत अंतर्गत थाना के बगल में बलथर चौक पर गोलम्बर का निर्माण नहीं होने के कारण यातायात अस्त-व्यस्त हो जाता है एवं प्रतिदिन जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे दुर्घटना की भी संभावना बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार यात्रियों और आमलोगों को जाम एवं दुर्घटना से मुक्ति के लिये सिकटा प्रखण्ड में बलथर चौक पर गोलम्बर निर्माण का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि पश्चिम चंपारण जिलान्तर्गत प्रश्नगत पथ, बेतिया-सेवाघाट-मैनाटाँड़ पथ के 30वें कि०मी० में अवस्थित है, जिसकी लंबाई 39.30 कि०मी० एवं चौड़ाई 5.50 मी० है। बलथर चौक से एक तरफ बलथर-नरकटियागंज एवं दूसरी तरफ बलथर से सिकटा पथ है।

बलथर चौक पर गोलम्बर निर्माण हेतु आगामी OPRMC Phase-III अंतर्गत प्राक्कलन में प्रावधान किया गया है, जिसके तहत गोलम्बर निर्माण संबंधी अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

सड़क का चौड़ीकरण

*2262. श्री विशाल कुमार (क्षेत्र संख्या-12 नरकटिया)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के लखौरा से नरकटिया श्यामपुर बाजार पथ के अतिक्रमण एवं संकीर्ण होने के कारण आये दिन सड़क दुर्घटना होने के साथ जाम की समस्या रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल एवं पथ का निर्माण

*2263. श्री सुरेंद्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-01 वाल्मीकिनगर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिला के प्रखण्ड बगहा एन०एच० 727 के शास्त्री नगर से बेलवनिया गंडक नदी पर पुल एवं पथ का निर्माण नहीं होने से प्रखण्ड बगहा, पिपरासी के लाखों लोगों को उत्तर प्रदेश जाने-आने में कठिनाई हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल एवं पथ का निर्माण के लिए डी०पी०आर० तैयार कर अनुमोदन के लिए भेज दी गई थी लेकिन अपरिहार्य कारण से निरस्त कर दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पुल एवं पथ का टेंडर कर निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1),(2) एवं (3) वस्तुस्थिति यह है कि पश्चिम चंपारण जिलान्तर्गत बगहा-1 एन०एच० 727 के कि०मी० 83.00 एवं उत्तर प्रदेश राज्य के बेलवनिया (कुशीनगर) एन०एच० 727 के कि०मी० 122.00 के बीच एन०एच० 727 के कि०मी० 89.00 को पार करते हुए गंडक नदी पर 4 लेन Bridge एवं इसके पहुँच पथ के निर्माण हेतु डी०पी०आर० तैयार कर अनुमोदन हेतु MORT&H, पटना को समर्पित किया गया है, स्वीकृत्योपरान्त अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

-------------

बाईपास का निर्माण

*2264. श्री आलोक कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-210 दिनारा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिले के प्रखंड पंचायत ग्राम-दावथ जो की मलियाबाग बिक्रमगंज रोड में स्थित है जबकि दावथ ग्राम में बाईपास नहीं होने के कारण हजारों गाड़ियाँ प्रतिदिन ट्रक एवं एवं छोटी गाड़ियों को आना-जाना है जिससे जाम की समस्या बनी रहती है सार्थ ही आए दिन दुर्घटना से मृत्यु होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक दावथ ग्राम में बाईपास बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

### पुल का निर्माण

*2265. श्री राम चन्द्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-84 हायाघाट)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के हायाघाट विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत चनखेरिया से साधोपुर होते हुए बाँसडीह सड़क के बीच करेह नदी पर 22X30 मीटर आकार का उच्चस्तरीय आर0 सी0 सी0 पुल निर्माण हेतु विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डी0 पी0 आर0) तैयार कर प्रबंध निदेशक बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, पटना के पत्रांक 359 (अनु0), दिनांक 01 जुलाई, 2020 द्वारा प्रस्तावित पुल के लिए 8831 लाख रुपये का प्राक्कलन प्रशासनिक अनुमोदन हेतु अभियंता प्रमुख पथ निर्माण, पटना को समर्पित किया गया था लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण लगभग 6 साल बीत जाने के बाद भी अभीतक पुल का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार ऐसे दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए उक्त नदी पर कबतक पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि दरभंगा जिलान्तर्गत प्रश्नगत उच्चस्तरीय आर0 सी0 सी0 पुल निर्माण हेतु प्राक्कलन प्राप्त है।

संसाधन की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के अनुरूप पुल निर्माण पर अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

--------

### सड़क का पुनर्निर्माण

*2266. श्री चन्द्रशेखर (क्षेत्र संख्या-73 मधेपुरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत भेलवा चौक से घैलाढ़ प्रखंड मुख्यालय एवं भतरंधा चौक से श्रीनगर होते हुए घैलाढ़ प्रखंड मुख्यालय को जोड़ने वाली सड़क काफी जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### पईन की उड़ाही

*2267. श्री संदीप सौरव (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला अंतर्गत पालीगंज प्रखंड के डीहपाली से लेकर सेहरा होते हुए लक्ष्मी टोला तक जाने वाली पईन का दशकों से उड़ाही नहीं होने के कारण हजारों एकड़ कृषि की जमीन में जल-जमाव की स्थिति बनी रहती है जिससे हर साल बड़े पैमाने पर किसानों की धान की खेती में नुकसान हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित स्थल के बीच पईन का कबतक उड़ाही करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--''आंशिक स्वीकारात्मक'' । प्रश्नाधीन योजना का विस्तृत सर्वेक्षण कराया जायेगा। सर्वेक्षणोपरान्त डी0 पी0 आर0 तैयार कराकर विहित प्रक्रिया के तहत निधि की उपलब्धता के आधार पर कार्य कराया जाएगा।

--------

### सड़क बनाना

*2268. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के नारायणपुर प्रखंड अन्तर्गत नगरपाड़ा तटबंध रायपुर चौक से सत्संग मंदिर होते हुए रायपुर ग्राम के पीपल गाछ तक की सड़क बहुत ही जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, बरसात के दिनों में इस सड़क पर जगह-जगह पानी जमा हो जाता है, जिससे आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को नये सिरे से कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विवाह मंडपम का निर्माण

*2269. श्री तारकिशोर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-63 कटिहार)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अंतर्गत कटिहार प्रखंड में 08 एवं हसनगंज प्रखंड में 05 पंचायत अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा सभी पंचायत में विवाह मंडपम के निर्माण हेतु संबंधित अंचल अधिकारी से जमीन की मांग की गई है, लेकिन सिर्फ बलुवा पंचायत में जमीन का प्रतिवेदन अंचल द्वारा दिया गया है, लेकिन अन्य 12 पंचायतों के लिए जमीन का प्रतिवेदन प्राप्त नहीं कराया गया है, जिससे शेष अन्य पंचायत में विवाह मंडपम का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष 12 पंचायतों में जमीन का प्रतिवेदन प्राप्त कर विवाह मंडपम का निर्माण कार्य प्रारंभ कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क सम्पर्क बनाना

*2270. श्री रोमित कुमार (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के अतरी विधान सभा क्षेत्र के प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-सारसू हॉल्ट तक पहुँचाने के लिए आजतक कोई भी पक्की सड़क मार्ग नहीं है, जबकि ग्राम-सारसू हॉल्ट शेवटर बाँजार सहित लगभग छः पंचायतों की जनता के लिए एक महत्वपूर्ण आवागमन एवं व्यापारिक केंद्र है, यदि हाँ, तो सरकार सारसू हॉल्ट रेलवे स्टेशन को सड़क मार्ग से कबतक जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ऑडिटोरियम का निर्माण

*2271. श्री सुजीत कुमार (क्षेत्र संख्या-79 गौड़ाबौराम)--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बिरौल अनुमंडल क्षेत्र में तीन नगर पंचायत होने के बावजूद अभीतक एक भी ऑडिटोरियम नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिरौल अनुमुडल क्षेत्र 4 विधान सभा, दो लोकसभा एवं कई जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों से घिरा हुआ एक ऐसा अनुमंडल है जहां से जिला मुख्यालय की दूरी लगभग 70 कि0मी0 हो जाती है जिसके कारण ऑडिटोरियम निर्माण करवाया जाना जन-उपयोगी एवं प्रशासनिक कार्यों के लिए आवश्यक है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिरौल अनुमंडल कार्यालय के निकट एक ऑडिटोरियम निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नहर का पक्कीकरण

*2272. श्री सतीश कुमार सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के अंतर्गत गरां चौबे नहर एवं करहगर राजबाहा कच्ची होने के कारण नहर बीच में टूट जाती है तथा टेल तक पानी पहुँचने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित नहर को कबतक पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं,, तो क्यों ?

मानदेय में वृद्धि

*2273. श्रीमती संगीता देवी (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ग्राम कचहरी में लंबित पुराने वादों के त्वरित, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निपटारे हेतु राज्य सरकार द्वारा नियुक्त न्याय मित्र को वर्तमान में मात्र रु0 7000 प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रारंभिक नियुक्ति के समय (वर्ष 2007 के आस-पास) न्याय मित्रों को मात्र रु0 2500 प्रतिमाह मानदेय दिया जाता था, जिसे बाद में वर्ष 2015 में बढ़ाकर रु0 7000 प्रतिमाह किया गया, किंतु उसके पश्चात् लगभग 10 वर्षों से मानदेय में कोई वृद्धि नहीं की गई है, जबकि इस अवधि में महंगाई दर एवं कार्यभार में निरंतर वृद्धि हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार न्याय मित्रों के मानदेय में युक्तिसंगत, सम्मानजनक एवं महंगाई के अनुरूप वृद्धि करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क निर्माण

*2274. श्री कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह (क्षेत्र संख्या-109 दरौंदा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत दरौंदा प्रखंड के शेरही पंचायत के कोड़र दलित टोला में सड़क नहीं होने से मुख्य सड़क कोड़र तक ग्रामीण पहुँच नहीं पाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार बगौरा-परसा मुख्य पथ से दलित बस्ती होते हुए प्राथमिक विद्यालय, कोड़र तक जमीन अधिग्रहण कर सड़क निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*2275. श्री राम चन्द्र सदा (क्षेत्र संख्या-148 अलौली (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत अलौली प्रखंड के आनंदपुर मारन पंचायत के कलवारा एवं पिपरपाँती के बीच कमला नदी पर पुल का निर्माण नहीं होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित स्थान पर कबतक पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल बनाना

*2276. श्री ललन राम (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के कुटुम्बा प्रखण्ड अन्तर्गत एन0 एच0 139 दो मुहान पुल के समीप बतरे नदी में पुल नहीं है, जिसके कारण कई गावों का आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर कबतक पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आर0 सी0 सी0 नाला का निर्माण

*2277. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत 213, काराकाट विधान सभा के सकला बाजार से पी0 डब्लू0 डी0 की सड़क गुजरती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के किनारे विभागीय आर0 सी0 सी0 नाला का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जो बाजार से कुछ दूरी पर ही कार्य को रोक दिया गया है ;

(3) यदि उपुर्यक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त आर0 सी0 सी0 नाले को काव नदी तक निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1), (2) एवं (3) वस्तुस्थिति यह है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रश्नगत पथ, इटिम्हा से सकला पथ के 17वें कि0 मी0 में अवस्थित सकला बाजार में नाली निर्माण कार्य नहीं किया जा रहा है ।

तकनीकी संभाव्यता, संसाधन की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के अनुरूप आर0 सी0 सी0 नाले को काव नदी तक निर्माण कार्य कराने पर अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

नाली का निर्माण

*2278. श्री कृष्णनंदन पासवान (क्षेत्र संख्या-13 हरसिद्धि)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत तुरकौलिया प्रखंड स्थित सपही पंचायत के महादलित बस्ती के वृतियां टोला में विक्रमा मांझी के घर से भाया राजू मिश्रा के घर होते हुए बरवा घाट तक पक्का नाली नहीं होने के कारण आमजनता को नाली के गंदा पानी से चलना मुश्किल हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त महादलित बस्ती में सड़क किनारे पक्का नाली का निर्माण कब कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कटाव रोधक कार्य कराना

*2279. श्री आनंद मिश्रा (क्षेत्र संख्या-200 बक्सर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिले के बक्सर प्रखंड अंतर्गत अहिरौली, अर्जुनपुर, मझरिया, उमरपुर एवं सिमरी प्रखंड के केशोपुर गाँव में गंगा नदी के कटाव के कारण उपजाऊ कृषि भूमि और घनी आबादी वाले रिहाइशी इलाके अस्तित्व के संकट से जुझ रहे हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रत्येक वर्ष मानसून के दौरान कटाव की तीव्रता बढ़ने से स्थानीय ग्रामीणों में भय का माहौल रहता है और अबतक किए गए अस्थायी बचाव कार्य (जैसे बालू की बोरिया डालना) नाकाफी सिद्ध हुए हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर साकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित गाँवों में गंगा के कटाव से स्थायी रूप से बचाने के लिए 'ठोस बोल्डर पीचिंग कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*2280. श्रीमती विभा देवी (क्षेत्र संख्या-237 नवादा)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत नवादा स्थित खुरी नदी में हो रहे अवैध अतिक्रमण तथा प्रखंड नवादा के मिर्जापुर के निकट सूर्य मंदिर से लोहानी बिगहा तक खुरी नदी के दोनों तरफ रोड निर्माण नहीं होने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जगहों पर पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क ग्रिड का निर्माण

*2281. श्री तेजस्वी प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-128 राघोपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, "यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत राघोपुर प्रखंड चारों तरफ से नदियों/वाटर बॉडी से घिरा हुआ है जिसे हाजीपुर, पटना आदि स्थानों से सड़क संपर्कता प्रदान करने का एकमात्र माध्यम नव निर्मित कच्ची दरगाह बिदुपुर 6 लेन सेतु है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राघोपुर प्रखंड को उक्त सेतु से संपर्कता देने हेतु प्रखंड के चारों तरफ रिंग रोड तथा सभी पंचायतों को इस रिंग रोड से जोड़ने हेतु सड़कों का ग्रिड निर्माण करने की योजना बनाई गई थी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त रिंग रोड बनाते हुए प्रखंड के सभी पंचायत को उससे जोड़ने हेतु सड़क ग्रिड का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

उप-वितरणी चालू करना

*2282. श्री मुरारी प्रसाद गौतम (क्षेत्र संख्या-207 चेनारी (अ0 जा0))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के चेनारी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत दुर्गावती जलाशय परियोजना की उर्दा वितरणी नहर में आज तक पानी नहीं पहुंचाया गया है जिसके कारण जराढ़ी, बैरिया सहित दर्जनों गांव सिंचाई सुविधा से वंचित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि लांजी उप-वितरणी के नहर का निर्माण सही ढंग से नहीं किए जाने के कारण उसमें पानी प्रवाहित नहीं हो पाता है, जिससे उससे जुड़े ग्राम-लोहरा, तेतरी सहित दर्जनों गांवों के किसान सिंचाई लाभ से वंचित हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उर्दा वितरणी एवं लांजी उप-वितरणी नहर को दुरूस्त कर नियमित रूप से पानी उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रखंड भवन का निर्माण

*2283. श्री सतानन्द सम्बुद्ध उर्फ ललन जी (क्षेत्र संख्या-145 साहेबपुर कमाल)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बलिया प्रखंड का प्रखंड कार्यालय का नया भवन का निर्माण जनउपयोगी मैदान क्षेत्र में कराया जा रहा है, जिससे बलिया बाजार सहित हजारों बुजुर्ग एवं महिलाओं को टहलने एवं बच्चों को खेलने में दिक्कत होगी, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मैदान क्षेत्र को छोड़कर अन्य स्थान या पुराने भवन को तोड़कर नया भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*2284. मो0 तौसीफ आलम (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड के तालबाड़ी श्मशान घाट से रसीदपुर अलताबाड़ी तक सड़क कच्ची रहने के कारण आमजनता को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्यवाही करना

*2285. श्री नितेश कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-58 कसबा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अंतर्गत जलालगढ़ प्रखंड के सरसोनी पंचायत, कस्बा प्रखंड के भमरालगंज पंचायत एवं गुढ़ही पंचायत तथा श्रीनगर प्रखंड के खोखा दक्षिण पंचायत में औरेला घाट के पास से होकर बहने वाली सौरा नदी अपने निर्धारित प्राकृतिक मार्ग से विचलित होकर उपजाऊ कृषि भूमि का निरंतर कटाव कर रही है, इस नदी के मार्ग परिवर्तन से प्रभावित पंचायतों में आवासीय मकानों, मंदिरों एवं प्राथमिक माध्यमिक विद्यालयों को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है, जिससे 10,000 से अधिक परिवार प्रभावित हो रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार सौरा नदी के तटबंध (Embankment) निर्माण, गाद (Sediment) की सफाई तथा नदी को उसके मूल मार्ग पर वापस लाने हेतु कबतक कार्यवाही करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*2286. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह (क्षेत्र संख्या-144 मटिहानी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत N.H.-31 से मेनका, महादलित टोला, भैरबार डाका स्थान होते हुए मेनका चौक सड़क जर्जर होने के कारण आम जनता को आवागमन में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*2287. श्री अविनाश मंगलम (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के रानीगंज प्रखंड अंतर्गत योगनंद मंडल के घर से माईनर नहर बनभाग मुसहरी टोला तक सड़क जर्जर होने के कारण ग्रामीण जनता को आने-जाने में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर सड़क को नये सिरे से पक्कीकरण कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*2288. श्री जितेन्द्र कुमार राय (क्षेत्र संख्या-117 मढ़ौरा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत नगरा प्रखंड के ग्राम-अफौर के रामाचौड़ा के जरतीमाई स्थान के पास भी0 एल0 सी0 नहर पर पूर्व में निर्मित फूटब्रिज है, जिसपर छोटे-बड़े वाहनों के परिचालन के साथ-साथ आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार (भी0एल0सी0) नहर पर फूटब्रिज के स्थान पर कबतक नया पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बांध का निर्माण

*2289. श्री रामानन्द मंडल (क्षेत्र संख्या-167 सूर्यगढ़ा)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के सूर्यगढ़ा प्रखंड अंतर्गत ताजपुर पंचायत के हरिजन विद्यालय से गड़खय नदी तक जल सुरक्षा हेतु  लगभग 600 मीटर बांध का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे ग्रामवासियों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर कबतक बांध का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बोल्डर पीचिंग कराना

*2290. श्री कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया (क्षेत्र संख्या-175 हिलसा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के हिलसा, कराय-परशुराय एवं एकंगरसराय प्रखंड के कुछ भाग में जहानाबाद जिला के उदेरा में बने बराज का गेट बरसात में एक साथ खोलने के कारण लोकाईन नदी का तटबंध टूटने से लगभग 10000 (दस) एकड़ में फसल विगत तीन वर्षों से बर्बाद हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा लोकाईन नदी के टूटे तटबंध का मरम्मती के नाम पर अस्थायी रूप से मिट्टी भराई की जाती है, जो कारगर नहीं होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लोकाईन नदी के राढ़ीछिलका से हिलसा एवं कराय-परशुराय प्रखंड में बसे गाँवों तब बोल्डर पीचिंग करवाने एवं उदेरास्थान बराज का 3-4 गेट बराबर खुला रखने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुलिया का निर्माण

*2291. श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह (क्षेत्र संख्या-193 बड़हरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के बड़हरा प्रखंडान्तर्गत ग्राम-अकौना एवं नथमलपुर तथा आरा प्रखंड के ग्राम-बरजा के किसानों को गंगा दियारा स्थित खेत पर जाने में भागड़ गंगा का जलस्तर घटने के उपरांत निर्मित छोटी नदी को नाव आदि से पार कर जाना होता है, यदि हाँ, तो सरकार किसानों के हित में भागड़ पर पुलिया का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जल निकासी करवाना

*2292. श्री भीषण प्रताप सिंह (क्षेत्र संख्या-106 जीरादेई)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सिवान जिला अन्तर्गत नवतन प्रखंड के गंभीरपुर गाँव के उत्तर दिशा में स्थित 'बुढ़वा के बाँध' की मरम्मती नहीं होने के कारण समीपवर्ती ग्रामीणों को परेशानी होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लबदा नदी एवं मिर्जापुर चँवर से जल निकासी नहीं होने के कारण गंभीरपुर, महुआ भूसा, नारायणपुर, हसुआ इत्यादि गाँवों में लगभग 500 एकड़ से अधिक भूमि पर लगे फसलों की क्षति प्रतिवर्ष हो जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित स्थानों से जल निकासी कराकर किसानों के हित में भूमि को कृषि करने योग्य बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का नवनिर्माण

*2293. श्री राहुल कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-201 डुमराँव)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला में एन०एच० 120 हाईवे सैक्शन डुमराँव टाउन से माँ डुमरेजनी मोड़ भाया एन०एच० 922 तक 05 कि०मी० सड़क अभीतक नहीं बनी है, पिछले 20 वर्षों से केवल रिपेयरिंग और पोट पीचिंग का टेंडर हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार इस सड़क को नव-निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*2294. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही विधान सभा के लदनियाँ प्रखंड के लदनियाँ भाया ठाहर मधुबनी पथ में कन्हौली भभुआ के बीच कमला नदी पर पुल नहीं रहने के कारण तीन प्रखंडों क्रमशः बाबूबरही, खजौली एवं लदनियाँ के 10 पंचायतों के लगभग 60 से 70 हजार आमजनों को अधिक दूरी तय करनी पड़ती है एवं जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कन्हौली भभुआ के बीच कमला नदी पर पुल कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--आंशिक स्वीकारात्मक है। प्रश्नाधीन स्थल कन्हौली तथा भभुआ के बीच कमला नदी पर पुल निर्माण हेतु जिला संचालन समिति, मधुबनी द्वारा कोई प्रस्ताव अनुशंसित नहीं है।

अतः यह पुल निर्माण हेतु विचाराधीन नहीं है।

-------------

पुल का निर्माण

*2295. श्री रमेश ऋषि (क्षेत्र संख्या-72 सिंहेश्वर (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत शंकरपुर प्रखंड के बरीयाही घाट पर सुरसर नदी पर पुल नहीं रहने के कारण बड़े वाहन, छोटे वाहन सहित आमजनता को उक्त नदी, पार कर आने-जाने में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बाँध का निर्माण

*2296. श्री मँशरीक मृणाल (क्षेत्र संख्या-132 वारिसनगर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अन्तर्गत खानपुर प्रखंड में सिवैसिंहपुर पंचायत के सिवैसिंहपुर ग्राम-बूढ़ी गंडक नदी के बांए तटबंध के अन्दर बसा हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि हर वर्ष बरसात के मौसम में नदी के जल स्तर में वृद्धि होने से गाँव के जलमग्न हो जाने से सभी को घर छोड़कर अपने मवेशी के साथ तटबंध पर रहने को मजबूर होना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम को बारिश के मौसम में हर वर्ष बाढ़ जैसी विभिषिका से बचाने के लिए रिंग बांध का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कटाव निरोधक कार्य कराना

*2297. श्री शुभानंद मुकेश (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अन्तर्गत कहलगांव में त्रिमुहान-कुलकुलिया अनादिपुर तक गंगा नदी के कटाव के कारण प्रतिवर्ष सैकड़ों एकड़ उपजाऊ कृषि भूमि, घनी आबादी वाले गांव और महत्वपूर्ण सार्वजनकि संपत्तियाँ नदी में विलीन हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्थानीय ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से इस क्षेत्र में स्थायी बोल्डर पिचिंग (Stone pitching) और ठोकर (spurs) निर्माण की मांग की जा रही है, परंतु वर्तमान में केवल अस्थाई 'फ्लड फाइटिंग' (Flood Fighting) कार्य ही किए जाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र त्रिमुहान-कुलकुलिया-अनादिपुर में कबतक वृहत् कटाव निरोधक कार्य करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*2298. श्री संजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-76 सिमरी बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर विधान सभा क्षेत्र के महिषी प्रखंड के घोंघेपुर पंचायत में मुख्य सड़क से ग्राम-बेलडवार तक जाने के लिए सड़क का निर्माण नहीं हुआ है जिस कारण ग्रामीणों को खासकर बरसात के दिनों में आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है,यदि हाँ, तो सरकार मुख्य सड़क से ग्राम-बेलडवार तक जाने के लिए सड़क का निर्माण कबतक करवाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

परियोजना बनाना

*2299. श्री रितुराज कुमार (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत घोसी विधान सभा में फल्गु नदी से प्रभावित क्षेत्रों में घोसी एवं हुलासगंज प्रखंड सर्वाधिक प्रभावित होता है तथा प्रत्येक वर्ष बरसात के मौसम में तटबंध कटाव एवं बाढ़ का गंभीर खतरा बना रहता है, यदि हाँ, तो सरकार फल्गु नदी के फ्लड बैंक के निर्माण हेतु कबतक कोई विस्तृत परियोजना बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*2300. श्री गौतम कृष्ण (क्षेत्र संख्या-77 महिषी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी प्रखंड में लीलजा से तेलवा तक ग्रामीण सड़क लंबे समय से कच्ची है जिससे आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*2301. श्री निरंजन कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-71 बिहारीगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत बिहारीगंज विधान सभा के बिहारीगंज नगर पंचायत कुशथन (हनुमान मंदिर) से राजघाट पूर्णियाँ सीमा तक सड़क जर्जर रहने से आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का चौड़ीकरण कराते हुए पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्लूईस गेट का निर्माण

*2302. श्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल (क्षेत्र संख्या-153 गोपालपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिले के गोपालपुर प्रखंड अंतर्गत पंचायत गोपालपुर डीमाहा में इस्माइलपुर बिन्दटोली तटबंध के बीच बोचाही टोला में स्पर सं० 4 एवं 5 के पास स्लूईस गेट नहीं होने से किसानों का हजारों एकड़ जमीन में पानी जमा रहता है, जिसके कारण फसल नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर जमे पानी का निकासी हेतु कबतक स्लूईस गेट निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*2303. श्री चेतन आनंद (क्षेत्र संख्या-221 नबीनगर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के बारूण प्रखण्ड अंतर्गत रिउर नहर भाया रोहतासखाप होते हुए करमडीह तक सड़क का निर्माण नहीं होने से आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--स्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि ग्राम-रोहतासखाप (रविदासखाप) को एकल सम्पर्कता प्रदान करने हेतु शीर्ष MMGSY (अवशेष) अंतर्गत ''परसा गणेश नहर से रविदासखाप'' के नाम से स्वीकृत एवं निविदा की प्रक्रिया में है।

ग्राम-करमडीह रिउर नहर भाया रोहतासखाप होते हुए करमडीह तक पथ के आरेखन पर है जिसका निर्माण कार्य ग्रामीण पथ सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम योजनान्तर्गत प्रगति पर है। एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की निर्धारित तिथि 13 जून, 2026 है।

---

चैनल का निर्माण

*2304. श्री जितेंद्र कुमार (क्षेत्र संख्या-171 अस्थावाँ)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत अस्थावाँ प्रखण्ड के ग्राम-ओन्दा, नौरूत एवं गोंगचक में अवस्थित खंधों से जल निकासी एंटी फ्लड स्लूईस के माध्यम से जिराइन नदी में होता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्षा अवधि में लगातार वर्षा एवं बाढ़ के कारण उपर्युक्त खंधों में जल-जमाव हो जाता है, जिससे धान के फसल को भारी नुकसान होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त वर्णित खंधों से तेजी से जल निकासी हेतु एक अतिरिक्त चैनल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*2305. श्रीमती संगीता कुमारी (क्षेत्र संख्या-204 मोहनियां (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत मोहनियां प्रखंड के अगवरिया शिव मंदिर से साहु टोला होते हुए वउरा सकरा महादलित टोला तक कच्ची सड़क होने के कारण वर्षा के दिनों में आवागमन में आमजनों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

<u>प्रभारी मंत्री</u>--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्न में उल्लेखित बसावटों को निम्नलिखित पथों से एकल संपर्कता प्रदत्त है ;

**(i) अगवरिया बसावट**--प्रश्न में अंकित अगवरिया का वास्तविक नाम अतरवलिया है। बसावट अतरवलिया को PMGSY अंतर्गत निर्मित L099-T05 to Atarwaliya (VR 62) (लम्बाई 0.9 कि०मी०) पथ द्वारा एकल संपर्कता प्रदत्त है।

**(ii) साहु टोला बसावट**--इस बसावट को पंचायत द्वारा निर्मित पी०सी०सी० पथ से एकल संपर्कता प्रदत्त है।

**(iii) वठरा सकरा महादलित टोला**--प्रश्न में अंकित वठरा सकरा महादलित टोला का वास्तविक नाम बड़का सगरा महादलित टोला है। उक्त बसावट को PMGSY अंतर्गत निर्मित L119-Barka Sagra to Chhotka Sagra (VR 83) (लम्बाई 0.75 कि०मी०) पथ द्वारा एकल संपर्कता प्रदत्त है।

प्रश्नाधीन आरेखन ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा स्वीकृत किसी भी कोर-नेटवर्क में सम्मिलित नहीं है एवं उक्त आरेखन में कोई योग्य बसावट नहीं रहने के कारण पथ निर्माण का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

-------------

गाद की सफाई

*2306. <u>श्री पुरन लाल टुडु (क्षेत्र संख्या-162 कटोरिया (अ०ज०जा०))</u>--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिला के बौसी प्रखंड अंतर्गत स्थित चांदन डैम में अत्यधिक गाद जमा हो जाने के कारण जल प्रवाह बाधित हो रहा है जिससे बाढ़, जल-जमाव एवं कृषि भूमि के ऊपज में समस्या उत्पन्न हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक चांदन डैम के गाद की सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन का निर्माण

*2307. <u>श्री मुरारी पासवान (क्षेत्र संख्या-154 पीरपैंती (अ०जा०))</u>--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अंतर्गत पीरपैंती प्रखंड के ग्राम पंचायत प्यालापुर के ग्राम-ऊरॉ-भरत टोला मसुरिया में पंचायत सरकार भवन का निर्माण नहीं होने से पंचायत वासियों के साथ पंचायत प्रतिनिधियों को काम करने में कठिनाइयों के साथ योजनाएँ की जानकारी देने में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्राम में कबतक पंचायत सरकार भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

गाद की सफाई

*2308. <u>श्री विशाल प्रशांत (क्षेत्र संख्या-196 तरारी)</u>--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत तरारी विधान सभा क्षेत्र में बहने वाली बनाश नदी में अत्यधिक गाद जमाव, अतिक्रमण एवं जल-जमाव होने से कृषि कार्य बाधित रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी में कबतक गाद की सफाई एवं अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का चौड़ीकरण

*2309. श्री माधव आनंद (क्षेत्र संख्या-36 मधुबनी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अंतर्गत राजनगर से पटेल चौक होते हुए महात्मा गांधी चौक तक सड़क खराब एवं संकीर्ण होने के कारण आए दिन जाम एवं दुर्घटनाओं की स्थिति बनी रहती है, जिससे आमजनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पुनर्निमाण एवं चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*2310. श्रीमती रेणु देवी (क्षेत्र संख्या-08 बेतिया)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण जिलान्तर्गत कोहरा नदी के 62 आडी पर बने पुल ध्वस्त होने के कारण वहाँ के करीब 1000 हजार एकड़ जमीन सिंचाई के बिना बंजर हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य ने इस पुल का जीर्णोद्धार करने हेतु वर्ष 2024 में विभाग को लिखा था जिसपर आजतक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

प्रखण्ड भवन का निर्माण

*2311. श्रीमती ज्योति देवी (क्षेत्र संख्या-228 बाराचट्टी (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला अंतर्गत प्रखण्ड बाराचट्टी एवं मोहनपुर का प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालय भवन जर्जर रहने के कारण पदाधिकारी एवं कर्मचारी भय के माहौल में कार्य संपन्न करते हैं, यदि हाँ, तो सरकार आमजनता के सामान्य बाधाओं को दूर करते हुए दोनों प्रखण्डों में भवन बनाने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बाँध बनवाना

*2312. श्री पप्पू कुमार वर्मा (क्षेत्र संख्या-215 कुर्था)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत कुर्था विधान सभा अंतर्गत वंशी प्रखण्ड में नेनुआ नाला पर बांध निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण आमजनता को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर कबतक बाँध निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सामुदायिक भवन का निर्माण

*2313. श्रीमती छोटी कुमारी (क्षेत्र संख्या-118 छपरा)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत तेनुआ पंचायत अंतर्गत मीरा मुसेहरी (वार्ड संख्या 4) में सार्वजनिक कार्यक्रमों और विवाह आयोजनों हेतु किसी सामुदायिक भवन (विवाह मण्डप) की व्यवस्था नहीं होने के कारण ग्रामीणों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वार्ड में सामुदायिक भवन के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*2314. सुश्री मैथिली ठाकुर (क्षेत्र संख्या-81 अलीनगर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत अलीनगर विधान सभा क्षेत्र में उजान घनश्यामपुर सड़क जिसकी लम्बाई लगभग 22 किलोमीटर है, जो एन0 एच0 27 सहरसा, मधुबनी, दरभंगा जिला को जोड़ने वाली मुख्य सड़क है, परन्तु निविदा के उपरान्त भी उक्त सड़क का निर्माण कार्य अपूर्ण है जिससे आवागमन में काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़कों का चौड़ीकरण

*2315. मो0 फैसल रहमान (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत घोड़ासहन प्रखंड में पूरनहिया झरोखर पथ से श्रीपुर चौक होते आंबेडकर चौक तक (लगभग 1 कि0मी0), एल-022 बघही-भेलवा से ननौरा (लगभग 2.5 कि0मी0), घोड़ासहन-कुंडवा चैनपुर पथ (लगभग 8.25 कि0मी0), पूरनहिया झरोखर से कवैया, (लगभग 6 कि0मी0) एवं भंडार चौक से भाया सपही होते जमुआ घाट (लगभग 4 कि0मी0) तक की सड़कों के जर्जर होने से आम नागरिकों को दैनिक यातायात में भारी कठिनाइयां होती है, यदि हाँ, तो सरकार इन सभी सड़कों का चौड़ीकरण बरसात से पहले कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नहर का जीर्णोद्धार

*2316. श्री मनोज कुमार (क्षेत्र संख्या-214 अरवल)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के दाउदनगर एवं खगौल डिविजन अंतर्गत सिंचाई नहर प्रणाली-मुख्य एवं इससे संबंधित सभी शाखाएँ उड़ाही नहीं होने के कारण, अवसाद के भर गया है, जिससे जल प्रवाह एवं सिंचाई में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अरवल जिले के दाउदनगर डिविजन एवं खगौल डिविजन अंतर्गत सिंचाई के मुख्य नहर एवं सभी शाखाओं की उड़ाही एवं जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्य पूर्ण कराना

*2317. श्री मंजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण मुख्य नहर के शीर्ष बिन्दु 113 से छपरा शाखा नहर के सर्विस रोड का पक्कीकरण का कार्य वर्ष 2014 में प्रारम्भ किया गया, जो आधा-अधूरा ही छोड़ दिया गया है जिससे पथ का वांछित उपयोग बाधित है और उस पर हुए व्यय व्यर्थ हो गए हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त शेष कार्य को कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*2318. श्री संजय कुमार (क्षेत्र संख्या-183 कुम्हरार)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि 7 वर्ष पहले विभाग द्वारा यह निर्णय लिया गया था कि पटना शहरी क्षेत्र के 6 मीटर से अधिक चौड़ी सड़क का निर्माण पथ निर्माण विभाग द्वारा करवाया जाएगा, यदि हाँ, तो सरकार पटना शहरी क्षेत्र के 6 मीटर से ऊपर चौड़ी सड़क का निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ, नगर विकास एवं आवास विभाग के अन्तर्गत है।

पथ अधिग्रहण की नयी नीति पत्रांक 5900 (एस), दिनांक 07 दिसम्बर, 2021 के आलोक में नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा अपने स्वामित्व वाले पथों का उन्नयन स्वयं कराया जाना है।

--------

सड़क का निर्माण

*2319. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के मोरवा प्रखंड अंतर्गत हरपुरभिंडी पंचायत के पशुपालन अस्पताल के निकट से चकसिकंदर पंचायत के रामबली सहनी के घर के निकट जमींदारी बांध तक जाने वाली सड़क काफी जर्जर हो जाने के कारण क्षेत्र की जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*2320. श्री शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-97 पारू)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिले के पारू विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत रघुनाथपुर पंचायत और लालुछपरा पंचायत को जोड़ने के लिए बायां नदी पर पुल एवं नगर पंचायत सरैया की ग्राम बायां डीह से कोल्हुआ पंचायत की ग्राम बासूचक को जोड़ने वाली बायां नदी पर पुल का निर्माण नहीं होने से स्थानीय जनता को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार इन स्थलों पर पुल निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर कार्य कबतक प्रारंभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*2321. श्री केदार प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-93 कुढ़नी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत कुढ़नी प्रखण्ड में ग्राम बहुमन एवं केरमाडीह के बीच नदी पर पुल नहीं होने के कारण ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय जाने में लगभग 10-15 किलोमीटर दूरी तय करनी पड़ती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--प्रश्नाधीन पुल स्थल ग्रामीण कार्य विभाग के आरेखन पर नहीं है। पुल के एक तरफ बहुमन बसावट को शीर्ष मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (SC) निर्मित मुख्यमंत्री सड़क रामपुर से बहुमन पूर्वी टोला तक पथ एवं दूसरी तरफ केरमाडीह बसावट को शीर्ष मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (SC) अन्तर्गत निर्मित कच्ची पक्की पथ से नगीना चौक पथ से संपर्कता प्राप्त है।

अत: पुल निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

--------

जल की सफाई

*2322. श्री राहुल कुमार (क्षेत्र संख्या-216 जहानाबाद)--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''रबर डैम से संवरी सूरत तो बिगड़ गयी फल्गु की सेहत'' के आलोक में क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिले में फल्गु नदी पर रबर डैम का निर्माण किया गया है ताकि फल्गु नदी में सालों भर पानी उपलब्ध रह सके परंतु उक्त डैम की निगरानी एवं साफ-सफाई के अभाव में स्थिति बदतर हो गई है, जिससे पानी मानवीय उपयोग के लायक नहीं बचा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक फल्गु नदी पर बने उक्त रबर डैम में संग्रहित जल का समुचित साफ-सफाई एवं निगरानी रखने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्वीकृति प्रदान करना

*2323. श्री बबलु कुमार (क्षेत्र संख्या-149 खगड़िया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत रहीमपुर दक्षिणी पंचायत के नया टोला करारी से एकनिया इंग्लिश टोला तक पुल-पुलिया एवं सड़क अबतक निर्मित नहीं होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार आगामी वित्तीय वर्ष में REO. योजना से उक्त सड़क तथा पुल/पुलिया निर्माण को स्वीकृति प्रदान कर कार्य शीघ्र प्रारंभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शवदाह गृह का निर्माण

*2324. श्री प्रमोद कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-224 रफीगंज)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत मदनपुर प्रखंड के कमात ग्राम में शवदाह गृह का निर्माण नहीं होने से आने वाले लोगों को बरसात के समय शवदाह में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्राम में शवदाह गृह का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नदी का उड़ाही

*2325. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-102 कुचायकोट)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत प्रखण्ड कुचायकोट के पंचायत राज कुचायकोट, बनतैल, रामपुर खरैया, उचकागांव से निकलने वाली दाहा नदी जो कि प्रखंड उचकागांव में जाकर गंडक नदी में मिलती है, में पूर्ण रूप से गाद एवं सिलटेशन भरा पड़ा है, जिससे प्रत्येक वर्ष हजारों एकड़ फसल किसानों का क्षतिग्रस्त हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी का कबतक उड़ाही कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

तालाब का सौंदर्यीकरण

*2326. श्री प्रमोद कुमार सिन्हा (क्षेत्र संख्या-10 रक्सौल)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के आदापुर प्रखंड मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक 'आदापुर पोखरा' वर्तमान में जलकुंभी से आच्छादित है और इसके तटबंध खराब है, जिसके कारण औरैया और सिरिसिया कला पंचायतों के हजारों ग्रामीणों को छठ पूजा के दौरान भारी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार 'जल-जीवन-हरियाली' मिशन के तहत उक्त पोखरे की सफाई, पक्का तटबंध, भव्य छठ घाट और तालाब का सौंदर्यीकरण कराने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रतिबंध लगाना

*2327. श्री सिद्धार्थ सौरव (क्षेत्र संख्या-191 बिक्रम)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत प्रखंड-बिहटा, पंचायत-बिन्दौल के ग्राम-घोड़ाटाप, रामुबिघा से लेकर कोल्हनपुर तक सोन कैनाल एवं सोन सुरक्षा बाँध पर मालवाहक वाहनों का परिचालन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित होने के बावजूद, बालू माफियायों एवं बंदोबस्ताधारियों द्वारा बालू लदे भारी वाहनों का परिचालन करने से सोन नदी के सुरक्षा बाँध का टूटने का खतरा बना हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित सुरक्षा बाँध पर पूर्णतः बैरिकेट कर भारी वाहनों के परिचालन पर प्रतिबंध लगाने का विचार का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का निर्माण

*2328. श्री अनिल सिंह (क्षेत्र संख्या-236 हिसुआ)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिले में BSRDC द्वारा मंझवे से दर्शन नाला तक (SH-103) तक पैकेज-1 एवं पैकेज-2 के तहत सड़क का निर्माण पिछले चार वर्षों से कराया जा रहा है, जो आजतक पूर्ण नहीं हो पाया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ में संवेदक द्वारा पथ के उपयोग में आने वाले GSB, KLMM, बिटुमिनस एवं पथ के कंक्रीट कार्य में व्यापक अनियमितता बरती जा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पथ के उपयोग में लगाये जा रहे सामाग्रियों का ग्रेडिंग एवं बिटुमिन प्रतिशत की जांच कराते हुये दोषी के विरुद्ध कार्रवाई कर पथ का निर्माण पूरा कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*2329. श्री गोपाल कुमार अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-53 ठाकुरगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिले के ठाकुरगंज प्रखंड अन्तर्गत कुकुरबाघी पंचायत के ढ़ेमालगच्छ से बासनडुबी के बीच चेंगा नदी पर पुल नहीं रहने से आमलोगों को आवागमन में काफी परेशानी उठानी पड़ती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

रेल ओवर ब्रिज (आर०ओ०बी०) बनवाना

*2330. श्री इन्द्रजीत प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-75 सहरसा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत हटियागाछी शिवपुरी ढाला एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास रेल ओवर ब्रिज (आर०ओ०बी०) नहीं होने के कारण शहर में हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे लोगों को अवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थलों पर रेल ओवर ब्रिज (आर०ओ०बी०) बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि सहरसा जिलान्तर्गत प्रश्नगत स्थल, 1. हटियागाछी ढ़ाला (LC No. 105) उक्त समपार पर ROB के निर्माण हेतु बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा DPR तैयार कर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार को समर्पित है । भारत सरकार से DPR पर अनुमोदन प्राप्त होने के उपरान्त ROB के निर्माण हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी ।

2. शिवपुरी ढ़ाला (LC No.34) एवं पॉलटेक्निक कॉलेज ढ़ाला (LC No.104)- उक्त दोनों समपारों पर ROB का निर्माण रेलवे द्वारा अपने संसाधनों से किया जाना प्रस्तावित है । पूर्व मध्य रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों ROB हेतु रेलवे बोर्ड द्वारा कार्य अनुमोदित कर दिया है ।

कटाव को रोकना

*2331. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर )--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखंड में परवलपुर पंचायत के ग्राम बैद्यनाथपुर, महासिंह हसौली पंचायत के ग्राम-दर्जिया एवं भीठ भगवानपुर पंचायत के ग्राम रजौर कमला नदी के दोनों तटबंधों के बीच अवस्थित है जहां नदी की धार से तेजी से कटाव हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कटाव निरोधक समिति की अनुशंसा आलोक में उक्त दोनों एजेन्डा सं० 180/337/2022 एवं 180/338/2022 को राज्य तकनीकी सलाहकार समिति (TAC) के 180वीं बैठक समीक्षोपरांत योजना को Wait and Watch के अंतर्गत विचाराधीन रखा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्राम-बैद्यनाथपुर, दर्जिया एवं रजौर में हो रहे कटाव को रोकने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

यातायात सुचारू कराना

*2332. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के कल्याणपुर प्रखंड मुख्यालय के सड़क 2 KM पर अत्यधिक ट्रैफिक लोड रहने एवं व्यस्त मार्केट रहने से आवागमन में काफी दिक्कत होती है साथ ही सड़क नीचे हो जाने तथा नाला नहीं होने से जल-जमाव की समस्या रहती है जिससे आम लोगों को यातायात में भारी परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क के 2 KM का चौड़ीकरण, ऊँच्चीकरण एवं नाला बनाकर पानी निकासी कर यातायात व्यवस्था को कबतक सुचारू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कटाव निरोधक कार्य

*2333. श्री अमरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के गोह प्रखंड अंतर्गत देवहरा पंचायत के घेजना डीह, उपहार पंचायत के बिलारू, बैजलपुर, उपहारा तथा बनतारा पंचायत के बेला गांव सहित दर्जनों गांव पुनपुन नदी के कटव से नदी में विलीन हो रहे है, यदि हाँ, तो सरकार पुनपुन नदी के कटाव से उपर्युक्त गांवों सहित अन्य दर्जनों गांवों को बचाने हेतु कबतक कटाव निरोधक कार्य कराने का रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*2334. श्री दामोदर रावत (क्षेत्र संख्या-242 झाझा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत लक्ष्मीपुर प्रखंड के चिनबेरिया एवं गिद्धौर प्रखंड के पंचायत पूर्वी गुगलडीह के केवाल के बीच भुरहा नदी पर पुल नहीं रहने के कारण आमजनों को आवागमन में कफी दिक्कत होती है, यदि हाँ, तो सरकार भुरहा नदी में उक्त स्थान पर पुल निर्माण कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कुआं एवं तालाब का जीर्णोद्धार कराना

*2335. श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी (क्षेत्र संख्या-240 सिकन्दरा (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत घोघरडीहा प्रखंड के परसा दक्षिणी पंचायत के रतनसारा गाँव के मो० तनुकी, मो० लखिया, मो० दक्षिण इनार एवं भवनराय कुंओं तथा स्कूल पोखर का अबतक जीर्णोद्धार नहीं होने से स्थानीय जनता तथा मवेशियों को पेयजल की काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार मुख्यमंत्री नल-जल योजना के अंतर्गत ग्रामीण लोगों को शुद्ध पेयजल हेतु उपर्युक्त कुंओं एवं तालाब का जीर्णोद्धार कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*2336. श्रीमती मनोरमा देवी (क्षेत्र संख्या-232 बेलागंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिलान्तर्गत नगर प्रखंड के मदन बिगहा पंचायत में मंडौल के समीप फल्गु नदी पर पुल नहीं रहने के कारण पंच पंचायत की 50 गांव के लोगों को प्रखंड मुख्यालय तक आने-जाने में काफी दूरी तय करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार फल्गु नदी पर मंडौल के समीप आर०सी०सी० पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--अस्वीकारात्मक । वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पुल ग्रामीण कार्य विभाग के कोर नेटवर्क के आरेखन पर नहीं है । संदर्भित स्थल पर फल्गु नदी के एक तरफ मंडौल तथा सिमरिया बसावट है जिसे मंडौल से सिमरिया पथ के नाम से विभाग द्वारा निर्मित पथ से एकल संपर्कता प्रदत्त है ।

संदर्भित स्थल पर फल्गु नदी के दूसरे तरफ शादीपुर, बिजू बिगहा एवं डेल्हा बसावट है जो पथ निर्माण विभाग द्वारा निर्मित, गया-खिजरसराय पथ पर अवस्थित है ।

प्रश्नाधीन स्थल पर पुल जिला संचालन समिति गयाजी द्वारा अनुशंसित पुलों की प्राथमिकता सूची में शामिल नहीं है। अतः पुल निर्माण का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।प्रश्नगत स्थल से Upstream में 07 कि०मी० एवं Downstream में 15 कि०मी० की दूरी पर पथ निर्माण विभाग के पथ पर उच्चस्तरीय पुल पूर्व से निर्मित है ।

---

कार्रवाई करना

*2337. श्री अभिषेक रंजन (क्षेत्र संख्या-07 चनपटिया)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण जिलान्तर्गत चनपटिया विधान सभा क्षेत्र की सभी 35 पंचायतों में निर्मित एवं निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवनों के निर्माण कार्यों में स्वीकृत प्राक्कलन/कोटेशन के अनुरूप निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा है तथा घटिया ईंट, लोकल बालू एवं मानक के विपरित सरिया छड़ का उपयोग हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त निर्मित एवं निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवनों की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई एवं गुणवत्ता के अनुरूप पुनर्निर्माण कराने का विचार है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ की स्वीकृति

*2338. श्री विजय सिंह (क्षेत्र संख्या-68 बरारी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कटिहार ग्रामीण कार्य प्रमंडल अन्तर्गत कुर्सेला प्रखंड के खेरिया घाट टोला से कैम्प टोला तक पथ का निर्माण कराने का माननीय मुख्यमंत्री द्वारा सामाधान यात्रा कटिहार में आश्वासन पर विभाग में डी०पी०आर० समर्पित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ की स्वीकृति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*2339. श्रीमती सोनम रानी (क्षेत्र संख्या-44 त्रिवेणीगंज (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के त्रिवेणीगंज विधान सभा अंतर्गत ग्राम पंचायत पिलुआहा में रानीपट्टी वितरणी नहर से अनुसूचित जाति टोला दिनेश सरदार के घर से होते हुए कुम्हार टोला रानीपट्टी वितरणी नदी तक तथा त्रिवेणीगंज खट्टर चौक से राष्ट्रीय राजमार्ग 327A से प्रतापगंज फोरलाइन तक सड़क निर्माण एवं संकीर्ण रहने के कारण उक्त क्षेत्र के ग्रामों की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बाईपास का निर्माण

*2340. श्री बशिष्ठ सिंह (क्षेत्र संख्या-209 करगहर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखंड कोचस चौक पर हमेशा जाम लगा रहता है, जिसके कारण पटना-आरा से मोहनियाँ एवं सासाराम चौसा पथ से होते हुए उत्तर प्रदेश की ओर जाने वाली वाहनों का लंबा लाइन लग जाता है, जिससे आमलोगों के आवागमन में बहुत कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार सासाराम चौसा पथ भाया करगहर से एन0एच0 319 (कोचस मोहनियाँ पथ) में जोड़कर कबतक बाईपास निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नहर की उड़ाही

*2341. श्री राज कुमार राय (क्षेत्र संख्या-140 हसनपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर प्रखंड के ग्वाइल चनैला चौर से मृत बागमती नदी तक नहर का उड़ाही नहीं होने के कारण जलापूर्ति किसानों को नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित नहर का उड़ाही कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*2342. श्री मनोज यादव (क्षेत्र संख्या-163 बेलहर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत प्रखंड चान्दन के पंचायत धनुवसार के ग्राम-असनातरी में आजादी के बाद से भी सम्पर्क पथ निर्माण नहीं हुआ है, जिसके कारण स्थानीय आमजनों को आवगमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सम्पर्क पथ का निर्माण कबतक करवाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का चौड़ीकरण

*2343. श्री मनोज विश्वास (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के फारबिसगंज विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत रेणु गेट से गितवास जाने वाली सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है जिसके कारण लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क प्रसिद्ध साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु के पैतृक गाँव को जोड़ती है तथा फणीश्वारनाथ रेणु इंजीनियरिंग कॉलेज तक जाने का प्रमुख मार्ग है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को तत्काल चौड़ीकरण, मजबूतीकरण एवं पुनर्निर्माण हेतु विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*2344. मो0 गुलाम सरवर (क्षेत्र संख्या-57 बायसी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अंतर्गत डगरूआ प्रखंड में चौपड़ा से गेहुंवा तक के पथ की निर्माण हेतु 2018-19 में स्वीकृति मिली थी, लेकिन संवेदक के द्वारा निर्धारित समय के अन्दर कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण संवेदक को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ का Revised DPR LT no-604 दिनांक 17 अप्रील, 2025 को भेजा गया परंतु कार्य अभी तक नहीं हो सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बाईपास का निर्माण

*2345. डॉ0 कुमार पुष्पंजय (क्षेत्र संख्या-170 बरबीघा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत केवटी एन0एच0 पथ से बरबीघा उत्तरी बाईपास का निर्माण एक नये एलाईनमेंट पथ द्वारा नहीं होने से बरबीघा बाजार, बरबीघा प्रखंड के चार पंचायतों, बरबीघा नगर के उत्तरी भाग, तोपगढ़, पॉक, पुनेसरा, जगदीशपुर, शेरपुर, जयरामपुर आदि गाँवों में आवागमन के लिये लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार शेखपुरा जिला में केवटी एन0एच0 पथ से बरबीघा उत्तरी बाईपास का निर्माण एक नये एलाईनमेंट पथ द्वारा कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का चौड़ीकरण

*2346. श्री जनक सिंह (क्षेत्र संख्या-116 तरैया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत कार्य प्रमंडल छपरा 2 के SH-90 इसुआपुर बाजार से प्रखंड मुख्यालय होते हुये SH-73 देवढ़ी पथ शाम कौड़िया बाजार SBI बैंक तक एवं महुली-चकहन चारमुहारी से अजवघर सुंदर पंचायत राज भवन एवं अफजलपुर होते हुए SH-73 गवन्द्री तक सड़क चौड़ीकरण नहीं होने से आमजन को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथों का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*2347. श्री राजेश कुमार उर्फ बब्लु गुप्ता (क्षेत्र संख्या-11 सुगौली)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अंतर्गत प्रखंड सुगौली के दक्षिणी सुगॉव पंचायत और हरसिद्धि प्रखंड के पानापुर पंचायत के बीच धनौती नदी पर पुल ध्वस्त हो चुका है, दोनों तरफ पक्की सड़क है, पुल के अभाव में दोनों प्रखंडों के निकटवर्ती आबादी को आवागमन एवं परिवहन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित स्थल पर ध्वस्त पुल के स्थान पर नये पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--प्रश्नगत पुल जिला संचालन समिति द्वारा चयनित सूची के क्रमांक 4 पर अंकित है। प्राथमिकता एवं निधि के उपलब्धता के अनुसार अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

एक्सप्रेस-वे से जोड़ना

*2348. श्री अजीत कुमार (क्षेत्र संख्या-95 काँटी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भारत सरकार द्वारा गोरखपुर सिल्लीगुड़ी एक्सप्रेस-वे का निर्माण कराया जा रहा है जो गोपालगंज पूर्वी चम्पारण एवं पश्चिमी चम्पारण होते हुए सिल्लीगुड़ी तक प्रस्तावित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला उत्तर बिहार का प्रवेश द्वार एवं प्रमुख व्यावसायिक केन्द्र है, जिसके उक्त एक्सप्रेस-वे से जुड़ने से कपड़ा और लीची सहित अन्य व्यापारिक उत्पादों के व्यापार सहित परिवहन में भी आसानी होगी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार क्षेत्रीय विकास, व्यापारिक विस्तार एवं औद्योगिक संभावनाओं को देखते हुए मुजफ्फरपुर जिले को वर्णित एक्सप्रेस-वे से जोड़ने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का चौड़ीकरण

*2349. मो0 आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड अंतर्गत अररिया कोर्ट रेलवे स्टेशन से प्रेमनगर होते हुए चन्द्रदेई तक पथ की चौड़ाई कम होने के कारण ग्रामीणों एवं यात्रियों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, साथ ही स्टेशन से राजधानी पटना एवं दिल्ली, कोलकाता, बंगलौर एवं गलगलिया जाने के लिये सड़क पर यात्रियों का भारी दबाव बना रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित सड़क का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि अररिया जिलान्तर्गत प्रश्नगत पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण पर तकनीकी संभाव्यता, संसाधन की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के आधार पर निर्णय लिया जायेगा।

--------

दोषी पर कार्रवाई

*2350. श्री आलोक कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-134 उजियारपुर)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, मधुबनी के पत्रांक 3, दिनांक 1 जनवरी, 2025 के द्वारा संयुक्त सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को मधुबनी जिला के घोघरडीहा अंचलान्तर्गत ग्राम पंचायत राज बसुआरी में अवस्थित जिस सरकारी भू-खंड पर बालान नाला अवस्थित होने का गलत प्रतिवेदित किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सरकारी भू-खंड का स्थलीय जाँच कराकर गलत प्रतिवेदन देने वाले पदाधिकारी के खिलाफ कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रोटेक्शन वॉल बनाना

*2351. श्री भरत बिन्द (क्षेत्र संख्या-205 भभुआ)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के भभुआ प्रखंड अन्तर्गत करमीचक गांव के विद्यालय तथा ग्राम-मिठापुर के विद्यालय सुवरा (स्वर्णा) नदी के जल प्रवाह से कटाव के शिकार हो रहे हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम एवं विद्यालयों में हो रहे कटाव के कारण स्कूलों की दीवार कभी भी धराशाई हो सकती है तथा ग्रामवासी, शिक्षक एवं छात्र दुर्घटना के शिकार हो सकते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों को कटाव से बचाने के लिये पक्की प्रोटेक्शन वॉल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

तालाब का सौंदर्यीकरण

*2352. श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के चकिया प्रखंड अन्तर्गत सागर में ऐतिहासिक 52 बीघा तालाब अवस्थित है जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ऐतिहासिक तालाब का सौंदर्यीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--स्वीकारात्मक । वर्तमान में यह तालाब चारों तरफ से अतिक्रमित है। योजना का विस्तृत सर्वेक्षण कराया जायेगा। सर्वेक्षणोपरान्त संभाव्यता के आधार पर निधि उपलब्धता एवं विभागीय प्राथमिकता के तहत जीर्णोद्धार कार्य कराया जायेगा।

तालाब के सौन्दर्यीकरण का कार्य लघु जल संसाधन विभाग से संबंधित नहीं है।

------------

R.O.B. का दोहरीकरण

*2353. श्रीमती अश्वमेध देवी (क्षेत्र संख्या-133 समस्तीपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत समस्तीपुर समाहरणालय से चीनी मिल चौक तक स्थित रेल ओवर ब्रिज (R.O.B.) के दोहरीकरण (दो लेन) नहीं होने के कारण जाम की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार बढ़ते यातायात दबाव एवं आमजनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुये उक्त R.O.B. के दोहरीकरण की स्वीकृति कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का चौड़ीकरण

*2354. श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह (क्षेत्र संख्या-212 डेहरी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अन्तर्गत डेहरी ऑन सोन प्रखंड के डेहरी बाजार भाग, जो अति व्यस्त इलाका है, जहां सड़क संकीर्ण है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त क्षेत्र में थाना चौक से पाली पुल (R.O.B.) तक 1.3 KM का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु तकनीकी एवं प्रशासनिक अनुमोदन भी प्राप्त है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1), (2) एवं (3) वस्तुस्थिति यह है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रश्नगत पथ, डेहरी ऑन सोन प्रखंड के डेहरी बाजार भाग थाना चौक से पाली पुल (ROB) चैनेज 0.00 से 1.30 कि०मी० चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य हेतु 4,81,42,000.00 (चार करोड़ एकासी लाख बियालिस हजार) मात्र का प्राक्कलन प्राप्त है ।

संसाधन की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के अनुरूप पथ के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण पर अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी ।

वितरणी का पक्कीकरण

*2355. श्री देवेशकान्त सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरेयाकोठी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत सारण गंडक मुख्य नहर के आर०डी० 164.30 (50.09 कि०मी०) से निःसृत रामपुर वितरणी सेवा पथ नौतन से कन्हौली तक की लम्बाई 19.20 कि०मी० है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रामपुर वितरणी नौतन से कन्हौली तक ईंट सोलिंग का कार्य विगत 25 वर्ष पूर्व में कराया गया है, जो अब पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसके कारण आमजनों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, जबकि इस सेवा पथ का प्रशासनिक स्वीकृति का प्रस्ताव दिनांक 11 अक्टूबर, 2024 से मुख्यालय स्तर पर लंबित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त रामपुर वितरणी सेवा पथ का प्रशासनिक स्वीकृति देकर पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*2356. श्री हेम नारायण साह (क्षेत्र संख्या-112 महाराजगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत महाराजगंज प्रखंड में रामकिशुन मोड़ पी०डब्ल्यू०डी० रोड से गौर बाजार तक सड़क अत्यंत जर्जर होने के कारण आवागमन में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड में कबतक सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*2357. श्री अखतरुल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत अमौर प्रखण्ड के सिमलबाड़ी घाट पर पुल निर्माण नहीं होने से प्रखण्ड बैसा एवं अमौर के 10 पंचायतों की लगभग 01 लाख आबादी प्रभावित है साथ ही लोगों को प्रखण्ड मुख्यालय अमौर एवं बैसा जिसकी वास्तविक दूरी 3-5 कि०मी० है, पहुंचने में 10-15 कि०मी० अधिक दूरी तय करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार सिमलबाड़ी घाट पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*2358. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-231 टिकारी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला अन्तर्गत प्रखंड टिकारी के ग्राम पंचायत जलालपुर में महादेव बीघा से टिकारी कुर्था मुख्य सड़क होते हुये कमालपुर तक लगभग 2 किलो मीटर के मार्ग आजादी के बाद भी सड़क कच्ची होने के कारण आमलोगों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार इसे प्रधानमंत्री सड़क योजना से कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

चहारदीवारी का निर्माण

*2359. श्री मुरारी मोहन झा (क्षेत्र संख्या-86 केवटी)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत प्रखंड सिंघवाड़ा के ग्राम-हरिहरपुर टोला मालपट्टी स्थित श्मशान घाट में गाँव के लोगों द्वारा शव के दाह संस्कार का विरोध किया गया तथा भूमि का रैयती होने का दावा किया गया था, अंचलाधिकारी, सिंघवाड़ा के द्वारा उक्त भूमि को श्मशान तथा किसी रैयत के नाम से जमाबंदी वापस नहीं होना बताया गया है, जिला पंचायत प्रशाखा के पत्रांक 3170, दिनांक 19 अगस्त, 2023 द्वारा उक्त श्मशान भूमि का सीमांकन करते हुये चहारदीवारी निर्माण का आदेश दिया गया था जो अभीतक नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त श्मशान का सीमांकन करते हुये चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आर०सी०सी० पुल का निर्माण

*2360. श्री जिवेश कुमार (क्षेत्र संख्या-87 जाले)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के सिंहवाड़ा प्रखंड में वित्तीय वर्ष 2019-20 में 5.12 KM ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क भरवाड़ा लालपुर चौक से चामुंडा स्थान में हाई लेवल पुल का निर्माण कार्य चल रहा था, जिसके कारण पुल का अधिग्रहण ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग में नहीं हो पाया ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्तमान समय में पुल क्षतिग्रस्त हो गया है और ग्रामीण कार्य विभाग के पास पुल अनुरक्षण के लिये राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण उक्त पथ पर आवागमन में बाधा आती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का अधिग्रहण पथ निर्माण विभाग में करके नये सिरे से हाई लेवल आर०सी०सी० पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ई०एस०आई० अस्पताल का निर्माण

*2361. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ प्रमंडल अन्तर्गत जिलों में निजी क्षेत्र में कार्यरत लाखों कर्मचारी, राज्य बीमा योजना (ESI) के अन्तर्गत पंजीकृत है, परन्तु पूर्णियाँ प्रमंडल में अबतक कोई पूर्ण सुविधायुक्त ई०एस०आई० अस्पताल उपलब्ध नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ई०एस०आई० से आच्छादित कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा हेतु दुरस्थ जिलों पर निर्भर रहना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रमंडलीय मुख्यालय पूर्णियाँ में कर्मचारियों के हित में ई०एस०आई० अस्पताल निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि पूर्णियाँ प्रमंडल के अन्तर्गत चार जिले हैं यथा पूर्णियाँ, कटिहार, अररिया एवं किशनगंज दिनांक 31 मार्च, 2025 तक पूर्णियाँ, कटिहार, अररिया एवं किशनगंज जिले में कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत आच्छादित (Covered) बीमित व्यक्तियों की कुल संख्या क्रमशः 2596, 8676, 791 एवं 1325 है अर्थात पूर्णियाँ प्रमंडल के अन्तर्गत कुल आच्छादित (Covered) बीमित व्यक्तियों की संख्या 13,388 (तेरह हजार तीन सौ अठासी) है। पूर्णियाँ प्रमंडल में बीमित व्यक्तियों (Insured Person) एवं उनके आश्रितों की चिकित्सा हेतु कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल सम्प्रति संचालित नहीं है।

(2) आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि (i) ESI (General) Regulation, 1950 96(A) के अनुसार, बीमित व्यक्तियों एवं उनके आश्रितों द्वारा किसी अन्य चिकित्सा संस्थानों में इलाज करवाने पर केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित (C.G.H.S) दर पर उन्हें प्रतिपूर्ति दिया जाता है।

(ii) सम्प्रति कटिहार जिले में कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय कार्यरत है जहां पूर्णियाँ प्रमंडल के बीमित व्यक्तियों एवं उनके आश्रितों को चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाती है।

(3) अस्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 100 बिस्तरीय ई०एस०आई० अस्पताल के निर्माण हेतु 50,000 बीमित व्यक्तियों (Insured Person) का मानक निर्धारित है। कर्मचारी राज्य बीमा निगम के मेडिकल मैनुअल के मानक के अनुसार बीमा धारकों की संख्या नहीं रहने के कारण इन चार जिलों पूर्णियाँ, कटिहार, अररिया एवं किशनगंज में ई०एस०आई० अस्पताल निर्माण कराने का अद्यतन कोई विचार नहीं है।

सड़क का चौड़ीकरण

*2362. श्री प्रमोद कुमार (क्षेत्र संख्या-19 मोतिहारी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मोतिहारी जिला मुख्यालय से पकड़ीदयाल अनुमंडल एवं शिवहर जिला जोड़नेवाला मुख्य पहुँच पथ लगभग 03 कि०मी० काफी संकीर्ण होने के कारण आये दिन दुर्घटना व जाम की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार पकड़ीदयाल अनुमंडल एवं शिवहर जिला जोड़नेवाला मधुबनी घाट पुल के पहुँच पथ का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि मोतिहारी जिलान्तर्गत मोतिहारी मधुबनी घाट पथ, (OPRMC Package No 2B) के अन्तर्ग संधारित है, जिसकी लम्बाई 18.00 कि०मी० एवं चौड़ाई 5.50 मी० है, जो मोतिहारी जिला मुख्यालय को पकड़ीदयाल अनुमंडल से जोड़ता है। पथ का संकीर्ण पथांश 14.20 कि०मी० से 16.00 कि०मी० है, जिसकी चौड़ाई 3.75 मी० है। यह पथांश बांध पर अवस्थित है। वर्तमान में पथ की स्थिति अच्छी है।

तकनीकी संभाव्यता, संसाधन की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के अनुरूप पथ के चौड़ीकरण पर निर्णय लिया जायेगा।

---

वितरणी का जीर्णोद्धार

*2363. श्री संजय कुमार पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-03 नरकटियागंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के नरकटियागंज अन्तर्गत किसानों का सिंचाई त्रिवेणी कैनाल से निकलने वाली वितरणी एवं उनके शाखाओं से होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कैनाल के वितरणी एवं उप-वितरणी जगह-जगह टूट चुके हैं और उसमें गाद एवं शिल्ट जमा हो चुके हैं, जिसके कारण समुचित रूप से सिंचाई नहीं हो पा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार त्रिवेणी कैनाल के वितरणी एवं उप-वितरणी का जीर्णोद्धार (गाद हटाने एवं बाँध का मरम्मती कार्य) करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*2364. श्री श्याम रजक (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत प्रखंड फुलवारीशरीफ पंचायत नोहसा के वार्ड नं० 4 नोहसा के पूरब में इमली ताल से बिनोद कुमार के घर तक पईन से सटे लगभग 2 कि०मी० तक कच्ची सड़क को 75 वर्षों के बाद भी पक्कीकरण नहीं किया गया है, जिससे नोहसा एवं अन्य पंचायतों के लोगों को पगडंडी के सहारे आना-जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का जीर्णोद्धार

*2365. डॉ० प्रकाश चंद्र (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के ओबरा प्रखंड अन्तर्गत एन०एच० 139 (भरूप मोड़) से मलवा तक पथ विगत 5 वर्षों से रख-रखाव के अभाव में जर्जर स्थिति में रहने के कारण ग्रामीण जनता को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*2366. श्री शम्भू नाथ यादव (क्षेत्र संख्या-199 ब्रहमपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के ब्रहमपुर प्रखंड अंतर्गत पंचायत दक्षिणी नैनीजोर की ग्राम-छोटकी नैनीजोर काली स्थान के पास मांगल नदी में पुल नहीं है, जबकि मांगल नदी के दोनों तरफ सड़क बना हुआ है, नदी पार करने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का पक्कीकरण

*2367. श्री सियाराम सिंह (क्षेत्र संख्या-179 बाढ़)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के अथमलगोला प्रखंड के राम नगर करारी पंचायत स्थित एन०एच० 31 से ग्राम-दौलतपुर के पासवान टोला तक पक्की सड़क नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार एन०एच० 31 से दौलतपुर ग्राम के पासवान टोला तक पक्की सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का पक्कीकरण

*2368. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के सुपौल प्रखंड अन्तर्गत बी०एस०एस० कॉलेज सुपौल-परसरमा पथ में छोटन झा के घर से लेकर रेलवे लाइन तक जाने वाली सड़क कच्ची है जिसके कारण आम ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का चौड़ीकरण

*2369. श्री इन्द्रदेव सिंह (क्षेत्र संख्या-110 बड़हरिया)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान के पचरूखी प्रखंड से हरिहरपुर लालगढ़ बड़हरिया से जामो एवं फखरूद्दीनपुर से बड़हरिया पड़वा तक सड़क चौड़ीकरण नहीं होने के कारण आवागमन में कठिनाई एवं हमेशा कोई-न-कोई घटना-दुर्घटना होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का कबतक चौड़ीकरण करते हुए आवागमन सुचारु रुप से बहाल कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नहर बनाना

*2370. श्री बाबूलाल शौर्य (क्षेत्र संख्या-151 परबत्ता)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के परबत्ता विधान सभा क्षेत्र के भरतखंड के पास गंगा नदी पर कोई नहर नहीं होने के कारण पानी के जमने से झंझरा सोर मौजा, भरतखंड, तेहाय, पुनौर, वन्देहरा, कोलवारा एवं गौछारी के हजारों किसानों का फसल नष्ट हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित स्थल के पास गंगा नदी को जोड़ते हुए नहर बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जल निकासी करना

*2371. श्री महेश पासवान (क्षेत्र संख्या-195 अगिआंव (अ०जा०))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत चरपोखरी बरनी रोड में रेलवे अंडर पास में जल-जमाव के कारण नागरिकों, मरीजों, महिलाओं एवं वाहनों को आवागमन में कठिनाई एवं दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अंडर पास में जल निकासी समस्या का स्थायी समाधान कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का चौड़ीकरण एवं नाला निर्माण

*2372. श्री कलाधर प्रसाद मंडल (क्षेत्र संख्या-60 रूपौली)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत रूपौली प्रखंड सीमा से सटे बल्थी महेशपुर भाया सिमड़ा-सपाहा डुमरी जंगल टोला बलिया कॉप मोहनपुर धोबिनिया बासा-जीरो माईल, भटगामा तक पी०एम०जी०एस०वाई० एवं एम०एम०जी०एस०वाई० द्वारा निर्मित पथ काफी संकीर्ण होने के कारण वाहनों के आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथों को पथ निर्माण विभाग में कर्णांकित करते हुए नाला निर्माण के साथ-साथ चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*2373. श्रीमती अनीता (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला अन्तर्गत पकरीबरावाँ प्रखंड के वारिसलीगंज से पकरीबरावाँ पथ के चातर मोड़ से धरनीविगहा, हुडराही होते हुये केसौरी मोड़ एस०एच० 8 तक ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क है, यह काशीचक प्रखंड को पकरीबरावाँ प्रखण्ड एवं नवादा जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली सबसे महत्वपूर्ण सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ की चौड़ाई कम होने के कारण वाहनों के आवागमन में परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहित कर पथ निर्माण विभाग के गाइडलाइन के अनुरूप सड़क निर्माण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आँशिक स्वीकारात्मक।

(2) एवं (3) वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन आरेखन, चातर मोड से धीरनीविगहा होते हुए हुड़राही मोड़ एस०एच 8 तक की कुल लंबाई 8.2 कि०मी० है जिसमें विभाग द्वारा निर्मित दो (02) अलग-अलग पथ शामिल है। उक्त दो (02) पथों के संबंध में वस्तुस्थिति निम्नवत् है:--

1. चैनेज 0.000 कि०मी० से चैनेज 4.000 कि०मी० इस पथांश में सुन्दरपुर से थालपोस (लंबाई 4 कि०मी०) के नाम से पथ निर्मित है। इस पथ में RRSMP (SC) के तहत मरम्मती कार्य स्वीकृत एवं कार्य प्रगति पर है। कार्य पूर्ण कराने की निर्धारित तिथि 10 जून, 2026 है।

2. चैनेज 4.000 कि०मी० से चैनेज 8.200 कि०मी० यह पथांश (4.2 कि०मी०) मेघीपुर से बलीयारी पथ, (लंबाई 6.678 कि०मी०) का भाग है। उक्त पथ में मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन।

सम्पर्क पथ का निर्माण

*2374. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभूतिपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत कल्याणपुर दक्षिण के वार्ड नं० 10, महादलित टोला से मुख्य सड़क तक एवं पंचायत चोरा टभका के वार्ड 12 रामटोल से मुख्य सड़क तक सम्पर्क पथ नहीं रहने के कारण लोगों को पगडंडी से आना-जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित दोनों महादलित टोला के लिए सम्पर्क पथ कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

लाइट लगाना

*2375. श्री राम सिंह (क्षेत्र संख्या-04 बगहा )--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत बिहारशरीफ प्रखंड में एन०एच० 33 पर नकटपुरा तिनमुहानी चौक पर हाई मास्ट लाइट नहीं रहने से अक्सर वहाँ पर लूट-पाट एवं दुर्घटना होते रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त चौक पर हाई मास्ट लाइट लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*2376. श्रीमती सावित्री देवी (क्षेत्र संख्या-243 चकाई)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत चकाई प्रखंड के जीवरहा नदी एवं जामहा नदी पर पुल नहीं रहने के कारण स्थानीय ग्रामीणों को तैरकर नदी पार करना पड़ता है, साथ ही वर्षा के दिनों में नदी का पानी बाढ़ के रूप में घर, खेत-खलिहान आदि में भर जाने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड के दोनों नदियों पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*2377. श्री कुमार प्रणय (क्षेत्र संख्या-165 मुंगेर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला अंतर्गत बरियारपुर प्रखंड अंतर्गत हरिजन कल्याण टोला, काला मंडल टोला में सड़क नहीं होने के कारण ग्रामीणों को खासकर बरसात के मौसम में कच्ची रास्ते से होकर आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित इलाके में सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का निर्माण

*2378. श्री संतोष कुमार निराला (क्षेत्र संख्या-202 राजपुर (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत इटाढ़ी प्रखण्ड के पंचायत बसॉव कला में ग्राम-मथौली डेरा के ग्रामीणों को चिकित्सालय, बच्चों को विद्यालय एवं मुख्य सड़क तक आने-जाने का सम्पर्क पथ नहीं रहने के कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्रामीणवासियों को सम्पर्क पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*2379. श्री राधाचरण साह (क्षेत्र संख्या-192 संदेश)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के एडौरा पंचायत अंतर्गत बीरमपुर

ग्राम से सुल्तानपुर ग्राम तक 1.5 कि०मी० सड़क नहीं रहने से ग्रामीण आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि भोजपुर जिला के एडौरा पंचायत अंतर्गत बीरमपुर ग्राम से सुल्तानपुर ग्राम तक विभागीय ऐप के माध्यम से सर्वे कराया है, जिसका सर्वे आई०डी० 110082 है।

समीक्षोपरांत निधि की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के आधार पर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

------------

छावनी शेड का निर्माण

*2380. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के अंतर्गत केसरिया विधान सभा क्षेत्र के सत्तरघाट पुल के बगल में स्थित श्मशान घाट पर विद्युत् शवदाह गृह/मुक्तिधाम एवं छावनी शेड नहीं रहने के कारण लोगों को दाह संस्कार में बहुत कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त श्मशान घाट पर मुक्तिधाम/विद्युत् शवदाह गृह तथा छावनी शेड का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क की मरम्मती एवं नाला निर्माण

*2381. श्री सुजीत कुमार (क्षेत्र संख्या-37 राजनगर (अ०जा०))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अंतर्गत राजनगर-बाबूबरही मुख्य मार्ग पर राजनगर के बेलहवार अमादा में बारिश के दौरान भारी जल-जमाव हो जाता है, जिसके कारण सड़क पर आवागमन बाधित होता है तथा बार-बार दुर्घटनाएँ घटित हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मार्ग पर जल निकासी की व्यवस्था, नाला निर्माण एवं सड़क की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि मधुबनी जिलान्तर्गत प्रश्नगत पथ मधुबनी-राजनगर-बाबूबरही-खुटौना पथ है, जिसकी लंबाई 41.10 कि०मी० एवं चौड़ाई 5.50 मी० है। यह पथ OPRMC Phase-II Package No. 07B के अंतर्गत संधारित है एवं पथ की स्थिति अच्छी है।

पथ के अमादा एवं बेलहवार गाँव में भारी बरसात होने से कभी-कभी जल-जमाव की समस्या हो जाता है, जिसे तत्काल OPRMC के संवेदक द्वारा जल-जमाव की निकासी करा दिया जाता है।

पथ के चौथे कि०मी० अमादा में OPRMC Phase-III के अंतर्गत प्राक्कलन में raising का प्रावधान किया गया है। OPRMC Phase-III का कार्य प्रारंभ होने के उपरान्त जल-जमाव की समस्या से निदान मिल जायेगा।

------------

सड़क का निर्माण

*2382. श्री उपेन्द्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के गुरूआ, गुरारू एवं परैया प्रखण्ड अंतर्गत ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण प्रबंधन कार्यक्रम के तहत अधिकतर सड़कें ग्लोबल निविदा के कारण एक ही बड़े रजिस्टर कंपनी को मिल गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्लोबल निविदा के नियमों के अनुसार निविदाकार के पास पर्याप्त संसाधन नहीं होने के कारण तीनों प्रखंडों की सड़कों को जेसीबी मशीन से खोद कर छोड़ देने से ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्लोबल टेन्डर को निरस्त कर पूर्व की तरह निविदा प्रकाशित कर सड़कों का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) अस्वीकारात्मक।

(2) एवं (3) वस्तुस्थिति यह है कि ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम (RRSMP) के तहत गयाजी जिला के गुरूआ, गुरारू एवं परैया प्रखंड अंतर्गत एक से अधिक संवेदकों को कार्य आवंटित किया गया है जिसकी विवरणी निम्नलिखित है :-

(क) प्रखंड गुरूआ--RRSMP के तहत इस प्रखंड अंतर्गत दो (02) पैकेजों में कार्य की स्वीकृति दी गई है। जिसमें से एक पैकेज में कुल 51 पथ संवेदक गीता देवी को आवंटित है एवं कार्य पूर्ण किए जाने की निर्धारित तिथि 07 मई, 2026 है। दूसरा पैकेज में कुल 09 पथ संवेदक M/s K.V.R Infratech को आवंटित है एवं कार्य पूर्ण किए जाने की निर्धारित तिथि 24 सितम्बर, 2026 है।

(ख) प्रखंड गुरारू--RRSMP के तहत इस प्रखंड अंतर्गत दो (02) पैकेजों में कार्य की स्वीकृति दी गई है। जिसमें से एक पैकेज में कुल 40 पथ संवेदक M/s Bhardwaj Construction को आवंटित है एवं कार्य पूर्ण किए जाने की निर्धारित तिथि 28 अप्रील, 2026 है। दूसरा पैकेज में कुल 03 पथ संवेदक Shreekant Kumar को आवंटित है एवं कार्य पूर्ण किए जाने की निर्धारित तिथि 17 सितम्बर, 2026।

-------------

चकहा एवं फाटक का निर्माण

*2383. श्री उदय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला अंतर्गत प्रखंड आमस के पंचायत झरी में सोनदाहा जलाशय में शवना नदी के पास चकहा एवं फाटक निर्माण नहीं होने के कारण सोनदाहा जलाशय में नदी का पानी नहीं आ पाता है, जिससे इन क्षेत्र के भूमि में सिंचाई नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर नदी का पानी लाते हुए चकहा एवं फाटक निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नियुक्ति हेतु

*2384. श्रीमती देवंती यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नरपतगंज विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत नरपरतगंज के कोशी विभाग में कार्यपालक पदाधिकारी की नियुक्ति न होने से विकास कार्यों की अनुमति लेने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक नरपतगंज के कोशी विभाग में कार्यपालक पदाधिकारी की नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का चौड़ीकरण

*2385. मोहम्मद मुर्शिद आलम (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत उदाहाट-तकनी से खाताघाट रोड एवं अझवा से भेभड़ा मोड़ रोड सिंगल लेन होने के कारण उक्त पथों पर यातायात का दबाव एवं वाहनों के आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथों का चौड़ीकरण-सह-सुदृढ़ीकरण कर... विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*2386. श्री अनिल कुमार (क्षेत्र संख्या-24 बथनाहा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत बथनाहा विधान सभा के सोनबरसा प्रखण्ड के भुतही पंचायत में भुतही चौक से रैन तक (01 कि0मी0) सड़क एवं पुल जो गोनाही बिशनपुर को जोड़ता है के निर्माण नहीं होने के कारण आमजनता एवं ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क संग पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

सड़क का निर्माण

*2387. श्री कुमार सर्वजीत (क्षेत्र संख्या-229 बोधगया (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के प्रखंड फतेहपुर, ग्राम पंचायत-नौडीहा झुरांग के ग्राम मचरक पथ में नौडीहा स्कूल से गोली महादलित टोला तक सड़क (लंबाई 0.7 कि0मी0, सर्वे आई0 डी0 53652) एवं ग्राम पंचायत-सलैया कला के ग्राम-राजा विगहा- मानपुर पथ से महादलित टोला मानपुर तक सड़क लंबाई (1.25 कि0मी0, सर्वे आई0 डी0 31692) का निर्माण नहीं होने से आमजन को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि हाँ, तो सरकार नौडीहा स्कूल से गोली महादलित टोला- तक सड़क एवं राजा विगहा-मानपुर पथ से महादलित टोला मानपुर तक सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक स्वीकारात्मक।

(2) प्रश्न में वर्णित दो पथ आरेखनों के संबंध में वस्तुस्थिति निम्नवत है:--

(i) प्रखंड फतेहपुर, ग्राम पंचातय नौडीहा झुरांग के ग्राम मचरक पथ में नौडीहा स्कूल से गोली महादलित टोला तक सड़क:-इस पथ आरेखन में नौडीहा स्कूल से गोली महादलित टोला के नाम से विभागीय मोबाईल ऐप के माध्यम से सर्वेक्षण कराया गया है। इसकी लम्बाई-0.80 कि0मी0 है तथा नया सर्वे आई0डी0-96888 है। समीक्षोपरान्त निधि की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के आधार पर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

(ii) ग्राम पंचायत सलैया कला के ग्राम राजा विगहा मानपुर पथ से महादलित टोला मानपुर तक सड़क:-यह पथ गाँव का आंतरिक पथ है तथा ग्रामीण कार्य विभाग के कोर नेटवर्क में शामिल नहीं रहने के कारण विचाराधीन नहीं है। इस आरेखन में पंचायत द्वारा पी0 सी0 सी0 पथ का निर्माण कार्य कराया गया है।

--------

पथ का निर्माण

*2388. प्रो0 नागेन्द्र राउत (क्षेत्र संख्या-26 सुरसंड)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अंतर्गत चोरौत पी0 डब्ल्यू0 डी0 रोड से बसोतरा-हनुमानचौक बथाड़ी (एस0एच0-87) तक के पथ का अधिग्रहण करने हेतु मुख्य अभियंता, पथ निर्माण विभाग, उत्तर बिहार के पत्रांक 3373, दिनांक 10 नवम्बर, 2025 के आलोक में पथ अधिग्रहण हेतु कार्यपालक अभियंता, सीतामढ़ी, पथ निर्माण विभाग के पत्रांक 2215 (अनु0), दिनांक 04 दिसम्बर, 2025 के द्वारा विधि वत् प्रस्ताव विभाग को भेजा गया है, यह पथ वर्तमान में आर0 डब्ल्यू0 डी0 पुपरी के अधीन है, जबकि इस पथ पर भारी वाहनों के यातायात का दवाब रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का अधिग्रहण पथ निर्माण विभाग में करते हुए पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*2389. श्री राणा रणधीर (क्षेत्र संख्या-18 मधुबन)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत पकड़ीदयाल प्रखंड के शेखपुरवा बाजार चौक से फेनहारा प्रखंड के देवकुलिया चौक तक (भाया मरपा कोठी) ग्रामीण कार्य विभाग के अधीन एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं व्यस्त सड़क है, जो फेनहारा एवं चिरैया प्रखंड को पकड़ीदयाल अनुमंडल तथा जिला मुख्यायल से जोड़ने वाला सबसे कम दूरी का मुख्य मार्ग है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ पर अत्यधिक यातायात एवं सड़क चौड़ी नहीं होने के कारण जाम की समस्या बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहित कर निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1), (2) एवं (3) वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ ग्रामीण कार्य विभाग के अन्तर्गत है।

पथ अधिग्रहण की नयी नीति पत्रांक 1548, (एस), दिनांक 25 फरवरी, 2020 के आलोक में ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा अपने स्वामित्व वाले पथों का उन्नयन स्वयं कराया जाना है।

--------

सड़क का पक्कीकरण

*2390. श्री नंद किशोर राम (क्षेत्र संख्या-02 रामनगर (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण जिलान्तर्गत गौनाहा प्रखंड के ग्राम पंचायत राज माधवपुर के ग्राम-मर्जदी से मेघौली चौक तक 2.5 किलोमीटर कच्ची सड़क होने से बरसात के दिनों में आस-पास के आठ दस गांवों का आवागमन बाधित होता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का चौड़ीकरण एवं नाला निर्माण

*2391. श्री राकेश रंजन (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिले के बिहिया प्रखंड के बिहिया चौरास्ता से लेकर आरा प्रखंड के सलेमपुर तक जाने वाली सड़क संकीर्ण होने के कारण आए दिन जाम, दुर्घटना तथा आमजन को यातायात एवं आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहिया-सलेमपुर पथ में बेनवलिया बाजार क्षेत्र में नाला का समुचित निर्माण नहीं होने के कारण बाजार में हमेशा जल-जमाव, गंदगी तथा व्यावसायिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहिया-सलेमपुर पथ का चौड़ीकरण एवं बेनवलिया बाजार में नाला का नवनिर्माण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1), (2) एवं (3) वस्तुस्थिति यह है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रश्नगत पथ, बिहिया चौरस्ता से लेकर सलेमपुर तक की कुल लम्बाई 11.20 कि0मी0 एवं चौड़ाई 5.50 मी0 है। पथ OPRMC Phase-II अन्तर्गत संधारित किया जा रहा है एवं पथ की स्थिति अच्छी है।

बेलवनिया बाजार, बिहिया, सलेमपुर पथ के 9वें कि0मी0 में अवस्थित है। बेलवनिया बाजार में जल-जमाव की समस्या से निजात पाने हेतु 1.30 कि0मी0 नाला निर्माण का कार्य OPRMC Phase-III अन्तर्गत किया जायेगा।

तकनीकी संभाव्यता, संसाधन की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के अनुरूप बिहिया-सलेमपुर पथ का चौड़ीकरण पर अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

--------

सड़क का पक्कीकरण

*2392. श्री सतीश कुमार साह (क्षेत्र संख्या-40 लौकहा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत खुटौना प्रखण्ड के कुंजवेलाही गाँव में आजादी के 78 वर्ष बीत जाने के बाद भी कच्ची सड़क का पक्कीकरण नहीं किया गया है, जिसके कारण यहाँ के बसे लोगों को मुख्य सड़क NH-227 तक आने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जबकि NH-227 के गाँव की दूरी मात्र 2.5 कि0मी0 है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँव की सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मरीन ड्राइव पथ का निर्माण

*2393. श्री वीरेन्द्र सिंह (क्षेत्र संख्या-234 वजीरगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि फल्गु नदी के पूर्वी तट में मानपुर के पंचदेव धाम से सीताकुण्ड होते हुए अलीपुर-मानपुर तक तथा पश्चिमी तट में केन्दुई छठ घाट के विष्णुपद मंदिर होते हुए कंडी नवादा तक मरीन ड्राइव पथ का निर्माण अबतक नहीं कराया गया है, जिसके कारण आवागमन की समस्या बनी रहती है तथा स्थानीय जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार जनहित में फल्गु नदी के तटों पर मरीन ड्राइव पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि फल्गु नदी के पूर्वी तट में मानपुर के पंचदेव धाम से सीताकुण्ड होते हुए अलीपुर, मानपुर तक तथा पश्चिमी तट के केन्दुई छठ घाट से विष्णुपद मंदिर होते हुए कंदी नवादा तक पथ निर्माण हेतु संभाव्यता प्रतिवेदन प्राप्त है।

तकनीकी संभाव्यता, संसाधन की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के अनुरूप पथ निर्माण पर अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

--------

पुल का निर्माण

*2394. श्री केदार नाथ सिंह (क्षेत्र संख्या-115 बनियापुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जला के अररिया प्रखण्ड के बाँसबाड़ी पंचायत अन्तर्गत वार्ड नं0-9 में कोशी नहर पर पुल नहीं रहने के कारण लोगों को सिंचाई करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित स्थान में कबतक पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

गति सीमा बढ़ाना

*2395. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगुसराय)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में 5 घंटे पटना पहुँचने के लक्ष्य हेतु कई उच्चस्तरीय एस0 एच0 (SH) एवं एन0 एच0 (NH) का निर्माण हुआ है, परन्तु इन सड़कों पर जगह-जगह कैमरे लगाकर 40-60 कि0मी0/घंटा की अवैज्ञानिक गति सीमा तय कर ओवर स्पीडिंग के नाम पर जनता से भारी जुर्माना (ई-चालान) वसूला जा रहा है एवं पैनिक ब्रेकिंग से दुर्घटना की संभावना भी बढ़ गयी है साथ ही इस धीमी गति सीमा के कारण सरकार के राज्य के किसी भी कोने से 5 घंटे में पटना पहुँचने के संकल्प को पूरा करने में भी बाधा उत्पन्न हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सड़कों की उच्च गुणवत्ता (Design Speed) को देखते हुए गति सीमा को बढ़ाकर 80-100 कि0मी0/घंटा करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि एन0 एच0 (NH) एवं एस0 एच0 (SH) पथों का निर्माण 80-100 कि0मी0/घंटा के Design Speed (अधिकतम गति सीमा) पर किया जाता है, जिसके कारण बिहार राज्य में किसी भी कोने से 5 घंटों में पटना पहुँचने का लक्ष्य पूरा किया जाता है, लेकिन बिहार राज्य में सड़क दुर्घटनाओं को कम एवं ओवर स्पीडिंग को नियंत्रित करने हेतु दुर्घटना प्रवण स्थलों यथा विद्यालय, संस्थान, अस्पताल, बसावट इत्यादि स्थलों पर 40-60 कि0मी0 प्रतिघंटा का गति सीमा साईन बोर्ड का अधिष्ठापन किया जाता है।

ओवर स्पीडिंग के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने हेतु ई-चालान द्वारा जुर्माना परिवहन विभाग एवं गृह विभाग (यातायात प्रभाग) द्वारा किया जाता है।

--------

आवासीय भवन का निर्माण

*2396. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत चिरैया प्रखंड एवं पताही प्रखंड कार्यालय में पदाधिकारी एवं कर्मचारी के लिए आवासीय भवन नहीं है जिससे उन्हें आवासित होने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड मुख्यालय में आवासीय भवन का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पोखरा का जीर्णोद्धार

*2397. श्री विनय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सोनपुर प्रखंड के गोविंदचक पंचायत के रामजानकी मठ के प्रांगण में अवस्थित पोखरा प्राचीन एवं जीर्ण-शीर्ण है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पोखरा का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--उप-विकास आयुक्त, सारण (छपरा) द्वारा प्रतिवेदित है कि सोनपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत राज-गोविन्दचक के रामजानकी मठ के प्रांगण में अवस्थित पोखरा के जीर्णोद्धार हेतु ग्राम पंचायत राज-गोविन्दचक के ग्राम सभा के माध्यम से जल जीवन हरियाली अभियान अंतर्गत मनरेगा के द्वारा जीर्णोद्धार कराने का कार्य लिया गया है । जिसका एम०आई०एस० कोड-WC-20763636, योजना का नाम ग्राम गोविन्दचक में मनरेगा भवन के नजदीक अमृत सरोवर तालाब का निर्माण कार्य है । उक्त पोखरा के जीर्णोद्धार हेतु योजना पर शीघ्र कार्य प्रारंभ किया जायेगा ।

-------------

सड़क का पक्कीकरण

*2398. श्रीमती श्वेता गुप्ता (क्षेत्र संख्या-22 शिवहर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत NH227 फतेहपुर गठ से कहतरवा डुमरी कटसरी ब्लॉक से लालगढ़ तक जाने वाली लगभग 08 कि०मी० आर०ई०ओ० सड़क जो जिला मुख्यालय को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है, वर्तमान में अत्यंत जर्जर व दयनीय अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित सड़क को पथ निर्माण विभाग में हस्तांतरित करने तथा उसके पक्कीकरण, नवनिर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*2399. श्री विनय कुमार चौधरी (क्षेत्र संख्या-80 बेनीपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत अनीसाबाद-खगौल रोड पर बाल्मी चक से शिवनगर मोड़ तक की सड़क काफी खराब है, जिससे लोगों को यातायात में काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

प्रशासनिक स्वीकृति देना

*2400. श्रीमती कोमल सिंह (क्षेत्र संख्या-88 गायघाट)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के गायघाट विधान सभा क्षेत्र के गायघाट प्रखंड में सतघट्टा मल्लाह टोला पथ में बागमती नदी पर पुल क्षतिग्रस्त एवं जर्जर स्थिति में होने से ग्रामीणों को तथा मल्लाह टोला से सटे विद्यालय के छात्र-छात्राओं को आवागमन में काफी कठिनाई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नदी पर आर०सी०सी० पुल निर्माण हेतु विभाग को पत्रांक 419, दिनांक 17 फरवरी, 2023 द्वारा पत्र प्रेषित किया गया है परन्तु अबतक प्रशासनिक स्वीकृति अप्राप्त है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर अवस्थित बागमती नदी पर पुल निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

आर०ओ०बी० का निर्माण

*2401. डॉ० सुनील कुमार (क्षेत्र संख्या-172 बिहारशरीफ)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला मुख्यालय बिहारशरीफ से अस्थावां शेखपुरा, जमुई जाने वाली सड़क बिहारशरीफ स्टेशन के पास रेलवे गुमटी के कारण घंटों बंद रहती है जिसके कारण दैनिक कर्मियों, किसानों और आम नागरिकों को काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर कबतक आर०ओ०बी० का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

नाला का निर्माण

*2402. श्री सुधांशु शेखर (क्षेत्र संख्या-31 हरलाखी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधवापुर प्रखंड के ग्राम पंचायत पिहवाड़ा के बैंगरा ग्राम से गुजरने वाली SH-75 के दोनों ओर नाला नहीं होने के कारण हजारों एकड़ जमीन एवं खेत/बगीचा बाढ़ तथा वर्षा के पानी से वर्ष में 6 महीने जलमग्न रहता है, जिससे गरीब किसानों को फसल नुकसान के साथ-साथ आर्थिक परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित क्षेत्र में SH-75 के दोनों ओर नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का जीर्णोद्धार

*2403. मो० सरवर आलम (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखंड के मजकुरी पंचायत चिकनी से मजकुरी बाबुल टोला जाने वाली सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*2404. श्री अरूण कुमार (क्षेत्र संख्या-180 बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत बख्तियारपुर प्रखंड के सिरसीग्राम के पश्चिम मंदिर के पास महाने नदी पर पुल नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार सिरसी ग्राम के पश्चिम मंदिर के पास महाने नदी पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*2405. मो० कमरूल होदा (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नाबार्ड योजना शीर्ष-4515 अंतर्गत किशनगंज जिला के प्रखंड पोठिया में डोंक नदी के नन्हाकुड़ी घाट पर पुल निर्माण हेतु कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग प्रमंडल-2 के पत्रांक 774, दिनांक 6 अगस्त, 2015 द्वारा 14 बिंदुओं पर आधारित चेकलिस्ट, परियोजना प्रबंधक नाबार्ड-सह-मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना-4 को समर्पित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 10 वर्ष बीत जाने के बाद भी अबतक उक्त डोंक नदी के नन्हाकुड़ी घाट पर पुल का निर्माण नहीं हो सका है जिस कारण प्रखंड क्षेत्र की 50,000 आबादी प्रभावित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार डोंक नदी के नन्हाकुड़ी घाट पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पुल स्थल मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजनान्तर्गत जिला संचालन समिति से प्राप्त प्राथमिकता सूची में शामिल नहीं है ।

पुल के U/S में 2.5 कि०मी० की दूरी पर पुल निर्मित है एवं D/S में मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजनान्तर्गत उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कराया जा रहा है ।

सम्प्रति उक्त स्थल पर पुल निर्माण कार्य विचाराधीन नहीं है ।

------------

पुल का निर्माण

*2406. श्री मिथुन कुमार (क्षेत्र संख्या-158 नाथनगर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के जगदीशपुर प्रखंड अंतर्गत पंचायत भवानीपुर देसरी के सैदपुर और टहसुर के बीच चांनन नदी पर पुल नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नदी के दोनों तरफ सड़क बना हुआ परन्तु पुल नहीं रहने के कारण लगभग लाखों की आबदी को आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, साथ ही 03 किलो मीटर दूरी के एवज में 25 किलो मीटर अधिक दूरी तय करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त चानन नदी पर पुल का निर्माण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

नहर का कालीकरण

*2407. श्री सुभाष सिंह (क्षेत्र संख्या-101 गोपालगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत सारण मुख्य नहर से निकलने वाली आर०डी० 01 कबिलासपुर से पिठौरी, सिवान जाने वाली शाखा नहर की पटरी एवं ग्राम-पिठौरी से रामचन्द्रपुर होकर गवन्द्री शाखा नहर की पटरी का उपयोग मांझा, थावे एवं बरहरिया प्रखंड के लोगों द्वारा आवागमन के रूप में होता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नहर सारण नहर प्रमंडल, सिवान के अधीन है एवं इस नहर के किनारे बसे गांव के लिये यह नहर की पटरी आवागमन के लिये एकमात्र साधन है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित नहर की पटरी का कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सी०डी० का जीर्णोद्धार

*2408. श्रीमती बेबी कुमारी (क्षेत्र संख्या-91 बोचहां (अ०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत बोचहां विधान सभा क्षेत्र के तिरहुत नहर के RD संख्या 769.05 पर पूर्व से स्थित बंद पड़े सी०डी० का जीर्णोद्धार नहीं होने से लोगों को परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो बंद पड़े उपर्युक्त सी०डी० का जीर्णोद्धार सरकार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कटाव निरोधी कार्य

*2409. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ0 ज0 जा0))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अंतर्गत धुरियाही पंचायत में मरगाहा, बुढ़िया टीकर, धुरियाही, अमदाबाद प्रखंड अंतर्गत चौकिया पहाड़पुर पंचायत में बबलाबन्ना, बदन टोला, चौकिया पहाड़पुर, सबदर टोला, दीनाराम टोला, भगवान टोला, तथा लखनपुर पंचायत में लखनपुर, बेलगच्छी, यदवापाड़ा, डकरा, नगर पंचायत अमदाबाद में मायामारी में कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों पर कटाव निरोधी कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*2410. श्री राजेश कुमार मंडल (क्षेत्र संख्या-82 दरभंगा ग्रामीण)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के मनीगाछी प्रखंड अंतर्गत टटुआर पंचायत के अमताही गाँव में लखनदेई नदी पर आजादी के पहले एक पुल का निर्माण हुआ था, जो काफी जर्जर है, यह पुल कभी भी गिर सकती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर नये पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आउटडोर स्टेडियम का निर्माण

*2411. श्री आसिफ अहमद (क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंडान्तर्गत उच्च विद्यालय, खंगरैठा में आउटडोर स्टेडियम के निर्माण कार्य हेतु ई-पुनर्निविदा विभाग द्वारा दिनांक 5 अगस्त, 2025 को की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि निविदा वैधता की तिथि (120 दिन) समाप्त हो जाने के बावजूद अभीतक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में आउटडोर स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का चौड़ीकरण

*2412. श्री समृद्ध वर्मा (क्षेत्र संख्या-09 सिकटा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नरकटियागंज से बलथर पथ (कुल लम्बाई 19.8 कि0मी0) की वर्तमान में चौड़ाई 3.75 मी0 है जो सिंगल लेन का है जिससे जाम और दुर्घटनाएं होती रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि यह पथ नरकटियागंज को नेपाल और सिकटा से जोड़ने का मुख्य पथ होने के कारण यातायात का अत्यधिक दबाव रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ की प्रस्तावित चौड़ाई 7.0 मी0 (टू-लेन) करते हुए चौड़ीकरण और मजबूतीकरण का विचार रखती है हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दोषियों के खिलाफ कार्रवाई

*2413. श्री सुरेंद्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-01 वाल्मीकिनगर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत बेतिया से बगहा तक एन0एच 727 मुख्य मार्ग पथ का निर्माण कार्य किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ निर्माण कार्य संवेदक/एजेंसी और पदाधिकारी के मिली भगत से निम्न गुणवत्ता की सामग्री का प्रयोग एवं सरकारी मानक के अनुसार कार्य नहीं किया गया, जिससे सड़क अधिकतर जगह पर उखड़ने लगी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का उच्चस्तरीय जाँच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

